CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

◆ सिरोही, रविवार, 12 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 354 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.




जब आधी रात में बेघर हो गई थीं नीना गप्ता...

पेज -09

मौसम का बदला मिजाज

# राजस्थान के कई जिलों में बारिश और कोहरे का डबल अटैक





**जयपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार सुबह राजधानी जयपुर में मौसम पलटा खा गया। जयपुर के झोटवाड़ा, सिरसी, वैशाली नगर, मानसरोवर, विद्याधर नगर और सी-स्कीम इलाके में इस दौरान बूंदाबांदी के साथ बरसात का दौर देखने को मिला। इस दौरान राजधानी की सड़कों पर ट्रैफिक भी रेंग-रेंग कर चलता हुआ नजर आया। हालत यह रहे कि अंबेडकर सर्किल से राजस्थान विधानसभा भी कोहरे की आगोश में लिपटी रही और नजर नहीं आई। जिले के ग्रामीण इलाकों में भी इस बरसात के बाद किसान काफी खुश नजर आए। राज्य में झालावाड़ और दौसा जिलों के अलावा जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, नागौर, जैसलमेर, बाड़मेर, रामदेवरा, पोकरण, बीकानेर, अजमेर, अलवर, करौली और पाली सहित कई जिलों में बारिश का दौर चला। इस बरसात के बाद हालांकि ठंडी हवाओं का दौर थम गया, लेकिन तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान में घना कोहरा छाया रहा। करौली में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे कम रहा। अन्य जिलों में भी सर्दी का असर साफ नजर आया। फतेहपुर में 3.4 डिग्री, दौसा में 4.3 डिग्री, और चूरू में 5.4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान गिर गया।

### » आज रेनी डे का अलर्ट

रविवार को राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। जयपुर, भरतपुर, और बीकानेर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने 12 और 13 जनवरी को सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी दी है। हालांकि, 12 जनवरी के बाद मौसम फिर शुष्क हो सकता है।

### नए विक्षोभ का संकेत

*मौसम विशेषज्ञों ने 15 और 16 जनवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान जताया है, जिससे पूर्वी राजस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकता है। इसके बाद 17 से 23 जनवरी तक राज्य के पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है।*

### मावठ से खुश हुए किसान

*मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार ही राज्य में देर रात से ही बादलों ने आसमान में अपना डेरा डाल लिया। इसके बाद सुबह हल्की बूंदाबांदी के बीच रुक-रुक कर बरसात होती रही। इस बरसात के बाद धरतीपुत्र भी काफी खुश हैं। मावठ की बारिश रबी फसल के लिए फायदेमंद होती है। इससे गेहूं, लहसुन, रायड़ा, जीरा, प्याज और ईसबगोल की फसल की अच्छी ग्रोथ होगी।*

### अजमेर में जनजीवन प्रभावित

*अजमेर में शनिवार अल सुबह मौसम के पलटने के बाद आसमान में बादल छा गए। हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया। इस दौरान चल रही शीतलहर ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी है। आसमान में बादल छाने के बाद तामपान 5 डिग्री बढ़ा, लेकिन हल्की बारिश और शीत लहर चलने के बाद वापस पारा गिर गया।*

## न्यूज ब्रीफ

### अहमदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव शुरू



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव की शुरुआत हो गई। सीएम भूपेंद्र पटेल ने महोत्सव की शुरुआत की। समारोह में 47 देशों के 143 पतंगबाज और देश के 11 राज्यों के 52 पतंगबाज हिस्सा लेंगे। महोत्सव का आयोजन गुजरात पर्यटन विभाग की तरफ से 11 से 14 जनवरी तक किया जाएगा।

### पेशावर में बस हादसा, नौ की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक बस और एक अन्य वाहन के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने दुर्घटना में नौ यात्रियों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### नए साल से स्विट्जरलैंड में बुर्का बैन


**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड में नया साल एक नए और विवादास्पद कानून के साथ आया है। एक जनवरी 2025 से यहां बुर्का और नकाब जैसे चेहरा ढकने वाले कपड़े पहनने पर पाबंदी लग गई है. भारत में भी यह मुद्दा अक्सर गरमाया रहता है। फ्रांस में पहले से बुर्का पर प्रतिबंध लगा हुआ है। कई देशों में बुर्का पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है, जैसा कि मीडिया में समय समय पर खबरें आती रहती है।

### आठ मंजिला इमारत की छत गिरी, एक मौत और 8 घायल

**रायपुर।** रायपुर के वीआईपी रोड पर निर्माणाधीन 8 मंजिला इमारत की छत गिर गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। छत के मलबे में दबने से करीब 8 मजदूर घायल हो गए हैं। वहीं 2 मजूदरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का मामला है। मिली जानकारी के मुताबिक छत ढलाई का काम चल रहा था, तभी छत का एक हिस्सा गिर गया। सेंटरिंग और लोहे का स्टैंड भी गिर गया। घायलों में बिहार के मजदूर भी शामिल हैं।

### चाइनीज मांझे से कॉन्स्टेबल की गर्दन कटकर लटकी, मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे से एक सिपाही की गर्दन कटकर लटक गई। उसकी सड़क पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को सिपाही शाहरुख हसन ड्यूटी पर जा रहा था, तभी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया था। बाइक की स्पीड तेज थी। उन्होंने ब्रेक मारा, लेकिन तब तक गर्दन कट गई थी। एक राहगीर तुरंत कॉन्स्टेबल को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही अमरोहा का रहने वाला था। उसकी तैनाती अभियोजन सेल में थी।



केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का चिंतन शिविर आयोजित

# महिलाओं-बच्चों के उत्थान के लिए राज्य सरकार संवेदनशील : मुख्यमंत्री शर्मा






### » महिला एवं बाल विकास देश-प्रदेश की प्रगति की आधारशिला

### » राज्य सरकार योजनाओं का कर रही प्रभावी क्रियान्वयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास देश एवं प्रदेश की प्रगति की आधारशिला है। इनके सशक्तीकरण से एक अच्छे परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। हम इनसे जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार किया जा सके। सीएम शर्मा शनिवार को उदयपुर में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित चिंतन शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चिंतन शिविर महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। इस शिविर में हम साथ मिलकर इनके भविष्य को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में चिंतन करें जिससे महिला एवं बाल विकास को नई दिशा मिले। *शेष पृष्ठ 5 पर*

### विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अंत्योदय की संकल्पना हो रही साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को राज्य सरकार ने 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये कर दिया गया है। साथ ही, दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बालिका सशक्तीकरण हेतु लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पालनहार योजना से राज्य के 6 लाख बच्चों के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की देखरेख के साथ उनकी सुरक्षा, शिक्षा, कौशल संवर्द्धन, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक सम्मान, महिला हितैषी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न पहलुओं के प्रति सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अंत्योदय की संकल्पना को साकार किया जा रहा है।

### पीएम नरेन्द्र मोदी मातृशक्ति तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। वे राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने नई योजनाओं एवं नवाचारों से देश के विकास में नया अध्याय जोड़ा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृशक्ति तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित हैं, उनके अनुसार देश में महिला, युवा, किसान तथा मजदूर चार जातियां हैं। जिनके उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए सरकार काम कर रही है।*

### महिला एवं बाल विकास की दिशा में राज्य सरकार कर रही निरंतर कार्य

*मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषाहार के साथ अतिरिक्त पोषण के लिए सप्ताह में तीन दिन गर्म दूध उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना शुरू की गई है। राज्य सरकार 2 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन में सहयोग करने वाले स्थानीय आमजन का सम्मान करना चाहिए। राज्य सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक योजना की निरंतर मॉनिटरिंग, मूल्यांकन तथा आकलन कर रही है जिससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हो सके।*

# कन्नौज रेलवे स्टेशन का निर्माणाधीन लिंटर गिरा

## 18 मजदूर घायल, तीन की हालत गंभीर



**कन्नौज।** अमृत भारत स्टेशन योजना का काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। कन्नौज में रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन लिंटर के ढहने से 18 मजदूर घायल, हो गए और तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई मजदूर मलबे में दबे हुए हैं। कुछ मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद से पूरे स्टेशन पर हड़कंप मच गया है। यह हादसा शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब हुआ है। हादसे को लेकर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि 18 लोग बाहर निकाले गए हैं, उनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं इस हादसे के पीछे क्या कारण हैं, इसकी भी जांच की जाएगी।

### » सीएम योगी ने हादसे का लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कनौज में हुए इस हादसे का संज्ञान लिया है। इसके साथ ही अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हर संभव मदद और राहत कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

### आप विधायक की गोली लगने से मौत

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना की वेस्ट विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरप्रीत गोगी (57) की शुक्रवार देर रात गोली लगने से मौत हो गई। वह खाना खा रहे थे। अचानक उनके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। पत्नी सुखचैन कौर और बेटा विश्वास दूसरे कमरे में थे। वह दौड़कर गए तो गोगी खून से लथपथ कमरे में गिरे हुए थे। अस्पताल पहुंचने तक उनकी मौत हो गई। शनिवार दोपहर (11 जनवरी) उनका डीएमसी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। जिसमें पता चला कि गोली उनके सिर के दाईं तरफ से लगी और बाईं तरफ से बाहर निकलकर आर-पार हो गई। दोपहर बाद लुधियाना के केवीएम स्कूल के पास श्मशान घाट में उनका राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे विश्वास बस्सी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

असम खदान हादसा

# चार मजदूरों के शव मिले

पांच अब भी खदान में फंसे



**गोवाहाटी।** असम के उमरंगसो में कोयला खदान में हुए हादसे को शनिवार (11 जनवरी) को छह दिन हो गए हैं। जिले में चल रहे बचाव अभियान में अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। यह घटना सोमवार को एक कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से हुई, जिसमें कुल नौ मजदूर फंस गए थे। पहला शव बुधवार को बरामद किया गया था। शनिवार (11 जनवरी) को सुबह तीन और शव निकाले गए। इनमें से एक की पहचान 27 वर्षीय लिगेन मगर के रूप में हुई है। अन्य दो शवों की पहचान जारी है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उमरंगसू में बचाव कार्य अडिग संकल्प के साथ जारी है। हम इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। मजदूरों के नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। बचावकर्मियों ने कहा कि उमरंगसू में तीन किलो कोयला खदान में घुसा पानी गंदा और अम्लीय हो गया है, जिससे विजिबिलिटी कम हो गई है, नौसेना के गोताखोर कठिन परिस्थितियों में शवों की तलाश कर रहे हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सीएम योगी बोले...

# राम मंदिर राष्ट्र की एकता और गौरव का प्रतीक



**अयोध्या।** पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद रामजन्मभूमि पर बना नव्य-भव्य मंदिर श्रीराम का ही नहीं, राष्ट्र का भी मंदिर है। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीएम योगी ने अपने संबोधन से इस अवधारणा को और पुष्ट किया। रामजन्मभूमि परिसर से लगे अंगद टीला के प्रांगण में हजारों रामभक्तों, मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों, जन प्रतिनिधियों एवं तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों को सीएम ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रीराम और राष्ट्र एक-दूसरे के पूरक हैं और एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रीराम हैं तो राष्ट्र है और राष्ट्र है तो श्रीराम हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में स्थापित पौष शुक्ल द्वादशी की उस तिथि की महिमा का बखान कर रहे थे। भारतीय पंचांग के अनुसार, जिस तिथि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में एक वर्ष पूर्व रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। *शेष पृष्ठ 5 पर*

### पीएम के प्रति ज्ञापित की कृतज्ञता

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन से की। उन्होंने कहा कि आज हम लोग रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ का जो उत्सव मना रहे हैं, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते संभव हो सका। यदि वह सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर मामले की नियमित सुनवाई का मार्ग प्रशस्त न करते तो राम मंदिर के लिए अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ती।

मुंगेली स्टील प्लांट हादसा

### तीन शव मिले, परिजनों का हंगामा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली में हुए स्टील प्लांट हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। 36 घंटे बाद शुक्रवार देर रात साइलो को हटा लिया गया।

साइलो हटने के 3-4 घंटे बाद शनिवार तड़के इंजीनियर समेत 3 लोगों के शव भी मलबे से निकाले गए। इससे पहले इलाज के दौरान एक मजदूर ने दम तोड़ दिया था। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। दो मृतकों के परिजन 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। जबकि, इंजीनियर जयंत साहू के परिजनों ने 1 करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की है।

जयपुर वेस्ट पुलिस का ऑनलाइन ठगों पर बड़ा एक्शन

# 30 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी निरुद्ध

### » 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पर्दाफाश





**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ पूरे प्रदेश में अभियान चलाया है। इसके तहत जयपुर वेस्ट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 से ज्यादा बदमाशों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। इनमें तीन लोग ऐसे भी गिरफ्तार किए गए जो ज्योतिष बनकर ऑनलाइन लोगों को ठग रहे थे। पूजा-पाठ करने के नाम पर रुपए ले रहे थे। वहीं, एक जगह ठगों को पुलिस ने हाथ ऊपर कर बैठा लिया। शुक्रवार देर रात जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी, डीएसटी वैस्ट पुलिस यह ऑपरेशन किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि साइबर अपराध की चुनौती को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने ऑपरेशन साइबर शील्ड चला रखा है। इसके तहत जयपुर वेस्ट जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, लैपटॉप, इंटरनेट डोंगल सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। जांच में मिले कागजों से करीब 30 करोड़ रुपए का लेनदेन का हिसाब मिला है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि साइबर शील्ड अभियान के तहत एनसीआरबी, डिजिटल सूत्रों से मिली जानकारी के बाद करधनी, हरमाड़ा, बिंदायका, करणी विहार, भांकरोटा, बगरू थाना पुलिस की विशेष टीम बनाई गई। बिंदायका, करधनी, कालवाड़ व हरमाड़ा में कुछ जगहों पर पुलिस ने रेड की। इस दौरान मौके पर से पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले। *शेष पृष्ठ 5 पर*



### » ये सामान किया बरामद

इसमें मोनिटर, सीपीयू कीबोर्ड, माउस, लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, एलईडी राउटर, स्वीच, नोटबुक, नकद, सिम कार्ड, चार्जर, एचडीएमआई केबल, एचडीएमआई कनेक्टर, पावर केबल जब्त की गई। इस जांच में अभी तक लगभग 30 करोड़ के फ्रॉड के सबूत मिले हैं। कार्रवाई के दौरान कुल 135 बैंक अकाउंट, 64 यूपीआई आईडी, 20 एटीएम सीज करवा दिया गया हैं।

CMYK

# 'युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है स्वामी विवेकानंद'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** माहात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बी ढाणी सांचौर में विवेकानंद जयंती समारोह प्रधानाचार्य डा घनश्याम वैष्णव की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। डॉ वैष्णव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरुष थे। उनकी शिक्षा और संदेश आज भी अखिल विश्व का मार्गदर्शन करता है। ऐसे में हमें स्वामीजी से प्रेरणा लेकर हमारा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उप प्रधानाचार्य राजूराम विश्नोई ने कहा कि स्वामी जी शिकागो सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने गए थे, सच्चे अर्थों में विश्व को भारत के दर्शन करवाने वाले प्रथम संत थे। शिक्षक कमलेश कुमार कहा कि विवेकानंद की शिक्षाओं व अध्यात्म को हमारे जीवन में उतारना चाहिए। हनुमान विश्नोई, आशा विश्नोई, मूर्ति विश्नोई, चेनाराम विश्नोई, पूनमाराम गर्ग, राजकुमार सोनी, दौलाराम देवासी, धनाराम सुथार, संजयकुमार जोशी, सूरज मौर्य, सिणगारी विश्नोई, नरेंद्र सुथार आदि मौजूद थे। जसवंतपुरा। अपेक्स एजुकेशनल एकेडमी में शनिवार को स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस व कैरियर दिवस के रुप में मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से पांचवीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा छह से आठवीं तक स्वामी विवेकानंद की जीवनी, युवा दिवस पर निबंध प्रतियोगिता, कक्षा नवमीं से बारहवीं तक स्वामी विवेकानंद, युवा दिवस व कैरियर दिवस पर वाद विवाद व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक वेशभूषा पहन कर आए। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान नर्सेज कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष जीवतदान चारण ने विद्यार्थी जीवन में समय की महता को बताते हुए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की सलाह दी। निदेशक राणसिंह परमार ने विद्यार्थियों को विवेकानंद द्वारा दिए गए संदेशों पर चलने की बात कही।



# दूध का दूध पानी का पानी अभियान, दूध में मिला पानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** दूध में मिलावट को रोकने और लोगों को शुद्ध दूध के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए राज्यभर में चल रहे दूध का दूध पानी का पानी अभियान के तहत दूसरे दिन इंदिरा कॉलोनी रानीवाड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत सैंपलों में पानी की मिलावट मिली। इन सैंपलों में से अधिकांश में 35 से 40 प्रतिशत तक पानी की मिलावट पाई गई। यह आंकड़े चिंताजनक है और यह दर्शाते हैं कि दूध में पानी की मिलावट कर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। अभियान को लेकर जनता में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने दूध की जांच करवाई। नोडल अधिकारी जवानसिंह बालावत ने बताया कि रविवार को प्रिंस कॉलोनी रानीवाड़ा में तथा सोमवार को नट बस्ती रानीवाड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। अशोक बोहरा, रघुवीरसिंह सोलंकी, महेंद्रसिंह, विक्रमसिंह, राहुल गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे।




# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : बनाए चालान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान मोबाइल पर बात करना, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, हेलमेट नहीं पहनना, बिना नंबरी वाहन ब्लैक फिल्म और लोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी करनाराम चौधरी, अशोक , दोलाराम, परिवहन विभाग से सुजानाराम के नेतृत्व में यातायात नियमों की जानकारी देकर 20 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# ऑन स्पॉट बिलिंग: मीटर रीडिंग कर थमाया बिल




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** डिस्कॉम की ओर से शनिवार को स्पॉट बिलिंग की शुरूआत की गई। सहायक अभियंता छगनलाल मीणा ने बताया कि क्षेत्र के नया बस स्टैंड के श्रीयादे गली में पहली बार उपभोक्ता वगताराम प्रजापत को ऑन स्पॉट बिजली बिल थमाते हुए ऑन स्पॉट बिलिंग के बारे में जानकारी भी दी। डिस्कॉम की ओर से क्षेत्र के लगभग 25 हजार उपभोक्ताओं के लिए ऑन स्पॉट बिलिंग व्यवस्था शुरू की गई है। जिसमें फीडर इंचार्ज उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचकर हाथों-हाथ बिल देंगे। ताकि उपभोक्ताओं को बिल सुधारने जैसी समस्या नहीं रहेगी और न ही कार्यालय के चक्कर लगाने होंगे। अधिशासी अभियंता लालचंद वर्मा, जेइएन आशाराम, एआरओ आकाश गुर्जर, लाइनमैन हनुमान एवं कार्मिक विक्रमसिंह मौजूद रहे।

# जेतेश्वर संकल्प ज्योति प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** देवासी संकल्प सेवा संस्थान की ओर से रविवार को जिले के सात ब्लॉक में जेतेश्वर संकल्प चतुर्थ ज्योति प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा समन्वयक मयूर महाविद्यालय पांचला के प्राचार्य जोधाराम देवासी ने बताया कि बागोड़ा में रविंद्रनाथ टैगोर पब्लिक स्कूल प्राथमिक विद्यालय बागोड़ा, भीनमाल में देवासी समाज छात्रावास, चितलवाना में देवासी समाज छात्रावास, जसवंतपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रानीवाड़ा में देवासी समाज छात्रावास, सांचौर में मां शारदा पब्लिक माध्यमिक विद्यालय तथा सरनाऊ में मयूर महाविद्यालय पांचला में सवेरे 11 से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में वस्तुनिष्ट प्रश्न जिनमें सामान्य ज्ञान, विज्ञान गणित, मानसिक योग्यता, कंप्यूटर, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल तथा देवासी समाज की संस्कृति के कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा प्रश्नों के हल करने के लिए ओएमआर शीट का उपयोग किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा 9 से 12वीं तक कुल 2267 विद्यार्थी तथा स्नातक एवं स्नातकोतर लेवल के 447 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में बताए फिट रहने के टिप्स




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में हैल्थ कैंप व करियर गाइडेंस मैले के दूसरे दिन विद्यार्थियों का वजन, हाइट व विभिन्न शारीरिक व मानसिक संतुलन के बारे में जांच की गई। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि शिविर में नर्सिंग कार्मिकों ने वजन, ऊंचाई, रूचि, बीपी की जांच कर स्वास्थ के बारे में जानकारी दी। इससे पहले विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। जिसको प्राचार्य जीनगर ने रवानगी दी। इस दौरान अच्छे स्वास्थ्य के फायदे पर वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। करियर गाइडेंस शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियो को करियर गाइडेंस आवेदन फॉर्म भरवा कर संकलित किए। छात्र छात्राओं को विद्यालय विशेषताओं को दर्शाता पत्रक वितरण किया।

## मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भीनमाल द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन शनिवार को जीके गोवाणी राजकीय महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। नगर मंत्री उत्सव दवे ने बताया कि महाविद्यालय की कुल 48 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें राजेश्वरी कुमारी, करिश्मा सोनी तथा उगम कुमारी व दिव्या कुमारी क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।

## बीजेएस सांचौर चैप्टर को मिला अवार्ड

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भारतीय जैन संघठना का राज्य अधिवेशन जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सांचौर के सदस्यों के अलावा विभिन्न शहरों के सदस्यों ने भाग लिया। अधिवेशन में सांचौर चैप्टर को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट एवं राज्य मंत्री गौतम दक, आइएएस नवीन जैन, जयपुर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, बीजेएस रत्न राजेंद्र लुंकड़, पूर्व राष्ट्र अध्यक्ष सम्प्रति सिंघवी थे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने पर सांचौर चैप्टर को सम्मानित किया गया एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों की सराहना की गई।

# प्रजापति समाज प्रतिभावान समारोह में 600 प्रतिभाओं व भामाशाहों का होगा सम्मान

## प्रजापति वेलफेयर संस्थान सुमेरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज होगा कार्यक्रम



### समारोह की व्यवस्थाओं को दिया अंतिम रूप

समारोह की सभी व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। समारोह को लेकर संस्थान के अध्यक्ष कैलाश कुमार एडवोकेट बाली, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा शिवगंज, उपाध्यक्ष महेन्द्र राठौड़ एडवोकेट जालोर, दिनेश ओसवाल जालोर, प्रशांत मालवीया भीनमाल, दिनेश परिहार, राजेश मालवीया शिवगंज, सुरेश परमार, छगन रामिणा सुमेरपुर, रमेश प्रजापत एडवोकेट सांचौर द्वारा समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर दी गई हैं।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** सुंधामाता तिराहा पर स्थित मारू प्रजापति समाज छात्रावास में रविवार को समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान (सुमेरपुर) के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान व मोटिवेशन समारोह दाहोद गुजरात के महामंडलेश्वर सेवानंदगिरी के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में जालोर, पाली, सिरोही व सांचौर से करीब 600 प्रतिभाओं व समाज के भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा।संस्थान के संयोजक ललित मेड़तिया एडवोकेट सुमेरपुर ने बताया कि समारोह में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले दसवी, बारहवीं, स्नातक, स्नाकोत्तर व अन्य डिग्री डिप्लोमा और नव चयनित राजकीय कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में भाग लेने के लिए समाजबंधुओं को डिजिटल पत्रिका के द्वारा आमंत्रण दिया गया है। समारोह में अतिथि डॉ. पवनकुमार प्रजापत एसडीएम दिल्ली, कालूराम कुम्हार एसडीएम सुमेरपुर, अशोक प्रजापत प्रिंसिपल तवाव, विक्रम प्रजापत व्याख्याता, लेखक कवि दशरथ प्रजापति पथमेड़ा, श्रीनाथ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. किरण प्रजापति जालोर, समाज के प्रमुख धनाराम सोलंकी जसवंतपुरा, कानाराम ऐणिया साफाडा, मादाराम समारोह का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद विद्यार्थियों का अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।

# नि:शुल्क साइकिलें पाकर खिले छात्राओं के चेहरे




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय वासन देवड़ान में मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 18 छात्राओं को समारोह आयोजित कर साइकिलें वितरित की गई।

समारोह प्राचार्य पूनमाराम मांजू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मांजू ने कहा कि इन समारोह का मकसद छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनकी पहुंच को सुगम बनाना होता है। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। साइकिल वितरण कार्यं म में में अभिभावक भी मौजूद रहे। अध्यापक अजीतसिंह यादव, बजरंगलाल, सुनील विश्नोई, विश्रामसिंह, हनुमान कोली, मानाराम मेघवाल, नारणाराम चौधरी, हंसाराम मेघवाल, अनोपराम रूपाराम, रमेशकुमार चौधरी, पदमाराम चौधरी आदि मौजूद थे। छात्रा सकी कुमारी पुत्री मावाराम को टेबलेट मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया।



# श्वान के हमले से नीलगाय घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुड़तरा सिली।** गांव में गुरुवार को श्वानों के हमले से नीलगाय घायल हो गई। सूचना पर पशु चिकित्सक महेश गर्ग ने अन्य लोगों की सहायता से उसका उपचार किया। कृष माली, आसूसिंह, खेतानसिंह, वचनाराम देवासी, अशोक गर्ग, गणपतसिंह, गोविंद देवासी, उम्मेद प्रजापत आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर डाला प्रकाश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक में शनिवार को विवेकानंद जयंती सप्ताह का आगाज निदेशक मल्लाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य ताराराम चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। पहले दिन विवेकानंद की जीवनी व कार्यों के वीडियो दिखाए गए। स्वामी विवेकानंद के शिकांगो में दिए भाषण, धर्म व आध्यात्मिक रहस्य को सबके समक्ष रखे गए। कार्यक्रम का संचालन दूदाराम ने किया। निदेशक मल्लाराम ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते कहा कि कलकत्ता के एक सामान्य परिवार में जन्म लेते हुए विवेकानंद ने विश्वपटल पर अपनी ओजस्वी वाणी से प्रसिद्धी पाई। यह हर भारतवासी के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य चौधरी ने कहा कि स्वामीजी कहते थे कि ब्रह्मांड की सारी शक्ति हममें समाहित है। एक हम ही है जो अपनी आंखें बंद कर कहते हैं कि कितना अंधकार है। यह युवा शक्ति पुंज है। उनमें सागर के सीने से मोती लाने की क्षमता है। इस दौरान विद्यालय के पुखराज, दूदाराम, ओमप्रकाश, अभयसिंह, जोधाराम, लच्छाराम, केसाराम, लक्ष्मी शर्मा, संगीता, मोहनलाल, वागाराम, गोरखाराम, किरण आदि मौजूद थे।

# हर साल देश में मिल रहे है 30 लाख नए मोतियाबिंद के मरीज : डॉ. शशांक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अहमदाबाद रोटरी क्लब के शंशाक राठौड़ ने कहा कि भारत में मोतियाबिंद के मरीजों के चिंताजनक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि हर साल देश में 30 लाख नए मोतियाबिंद के मरीज होते हैं। जिसमें 25 लाख मरीजों का ऑपरेशन होता है। जबकि सर्जनों की संख्या बहुत कम है। जबकि हर साल मरीजों की संख्या हर साल 5 लाख बढ़ती जा रही है। बड़े शहरों में सर्जनों की संख्या अधिक है और मरीज कम हैं, जबकि पेरिफेरल क्षेत्रों में इसके विपरीत स्थिति है। नेत्र चिकित्सक डॉ.लक्ष्मण राजपुरोहित ने ऐसे समर्पित डॉक्टरों की आवश्यकता पर जोर दिया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर सकें। यात्रा के दौरान, डॉ. राजपुरोहित ने डॉ. राठौड़ का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ मयूर एल राजपुरोहित, राजेन्द्र राजपुरोहित, डॉ दामिनी डी गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस बेड़े में फेरबदल: 12 निरीक्षक एवं 17 उप निरीक्षकों का तबादला

### आनन्द कुमार एवं अनिता रानी फिर पाली से सिरोही आए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** डीआइजी प्रदीप मोहन शर्मा ने शुक्रवार को 12 पुलिस निरीक्षक व 17 उप निरीक्षकों की तबादला सूची जारी कर उन्हें तुरन्त नवपद-स्थापन स्थान पर उपस्थिति देने तथा कार्यमुक्त के निर्देश दिए है।

#### इन पुलिस निरीक्षक का हुआ तबादला

- अशोक कुमार को जालोर से पाली
- बाबूलाल जांगिड को जालोर से पाली
- सहदेव चौधरी को सिरोही से पाली
- आनन्द कुमार को पाली से सिरोही
- अनिता रानी को पाली से सिरोही
- हरचन्द देवासी को पाली से सिरोही
- मोहनलाल गर्ग को पाली से जालोर
- सुमेरदान को पाली से जालोर
- अचलदान को पाली से सिरोही
- लक्ष्मणसिंह को पाली से सिरोही
- लता कुमारी बेगड़ को सिरोही से पाली
- देवीदान बारहट को जालोर से पाली

#### इन उप निरीक्षकों का तबादला

- भगवानराम को पाली से सिरोही
- गीतासिंह को पाली से सिरोही
- सरिता विश्नोई को पाली से सिरोही
- उरजाराम को जालोर से पाली
- मनोहरलाल को जालोर से पाली
- परविन्द्र कौर को जालोर से पाली
- हिम्मताराम को पाली से जालोर
- मनीष सोनी को पाली से सिरोही
- निर्मल कुमार को पाली से सिरोही
- मीठालाल को पाली से जालोर
भगवानसिंह को जालोर से सिरोही
- भंवराराम को जालोर से पाली
- घेवरराम को जालोर से पाली
- हिंगलाजदान को सिरोही से पाली
- कमला को सिरोही से पाली
- पन्नालाल को सिरोही से पाली
- सहीराम को सिरोही से पाली

# हर्षोल्लास से मनाई रामलला मंदिर की पहली वर्षगांठ

## सवेरे राम मंदिर में पूजा अर्चना तो शाम को घरों में हुआ दीपदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में शनिवार को रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। जगह जगह मंदिरों में पूज अर्चना की गई। रात को मंदिरों तथा घरों के आंगन में दीपदान किया गया। राममंदिर का वार्षिकोत्सव 11 जनवरी को इसलिए मनाया जा रहा है कि पंचाग के अनुसार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पोष शुक्ल द्वदशी 22 जनवरी 2024 को हुई थी। जो इस वर्ष अंग्रेजी तारीख से 11 जनवरी पड़ रहा हे। इसलिए 11 जनवरी को ही वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है।

इसी तरह राम जन्मभूमि स्थित रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ मंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर खंडेलवाल समाज के आराध्य देव ठाकुरजी चारभुजा मंदिर सदर बाजार सिरोही में भक्तों ने उत्साह पूर्वक महाआरती में भाग लेकर इसे हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मनाया। खंडेलवाल सेवा संघ के लोकेश खंडेलवाल ने बताया कि शनिवार को समाज के मंदिर प्रांगण में बड़े पोल पर विशाल भगवा ध्वज महासंघ अध्यक्ष भगवती प्रसाद के सानिध्य में सेवा संघ सदस्यों और समाज बंधुओ की उप-स्थिति में फहराया गया। लोगों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए। शाम को प्रभु की महाआरती कर सभी को प्रसाद वितरित करके मुंह मीठा कराया। शाम को मंदिर



प्रांगण को टिमटिमाते दीपको से प्रज्वलित करके आकर्षक रोशनी से जगमग कर दिया वही रंगीन लाईट डेकोरेश भी किया गया। इस मौके पर युवतियां ने रंगोली बनाकर भी स्वागत किया। चंद्रकांत खंडेलवाल, रोशन, दिनेश, सतीश कुमार, हरीश कुमार, दीपक कुमार, श्रवण कुमार, इंदरमल, भावेश, गुलाबचंद, जितेंद्र एवं लालचंद आदि मौजूद थे।

**वेलांगरी।** राम झरोखा मंदिर में शनिवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम वार्षिकोत्सव को लेकर महंत महावीरदास, महंत लक्ष्मणदास के सानिध्य में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सभी भक्तों ने भगवान राम के मंगल गीतों पर नृत्य एवं गीत गाकर वातावरण को राममय बना दिया। शोभायात्रा को सफल बनाने में लाबुसिंह देवड़ा, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष विजयसिंह, उप सरपंच साबुसिंह देवड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुपाराम देवासी, लालाराम छीपा, सुरेंद्रसिंह देवड़ा, ईश्वर राजपुरोहित, अम्बालाल मेघवाल, मुकेश अग्रवाल, गोविंदराव, करमीराम देवासी, प्रागाराम चौधरी, मोतीराम देवासी, छगनलाल पुरोहित, नरपत राव आदि मौजूद थे।







# भागवत कथा में सुनाया राजा उत्तानपाद व ध्रूव का प्रसंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को राजा उत्तानपाद व ध्रूव समेत अन्य प्रसंग सुनाएं। संत रामाग्यदास एवं संत पागलबाबा के सानिध्य में कथा वाचक संतोष सागर ने कलयुग में नवधा भक्ति की व्याख्या करते हुए कथा श्रवण करना ही परम मोक्षदायिनी है। उन्होंने राजा परीक्षित और सुखदेव, उत्तानपद एवं ध्रूव का वृतांत सुनाया गया। संतोष सागर ने बताया कि संसार के मोह की मुक्ति का एक ही उपाय है कि मोह त्याग कर भाव एवं प्रेम से मोहन में मन को लगाए ही हरी मिलन का मार्ग है। उन्होंने कर्मो के आधार पर स्वर्ग और 28 प्रकार के नरकों की व्याख्या की। भागवत आयोजन में भगवतीलाल ओझा, अमृतलाल व्यास, रामलाल खंडेलवाल, नरेंद्रपालसिंह, महेंद्रपालसिंह, विजयपालसिंह, राजेंद्रसिंह नरूका, ओंकारसिंह उदावत, राजेंद्रसिंह राठौड़, मोहनलाल माली, पूजा खंडेलवाल, अथर्वजसिंह आदि मौजूद थे।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव : रोशनी से जगमगाया आपेश्वर मंदिर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पेलेस रोड़ स्थित आपेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार भव्य एवं दिव्य तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज 17 जनवरी से हो रहा है। महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को सवेरे से शाम तक दशविधि स्नान, प्रायश्चित पंचकर्म, मंडप प्रवेश, कलश यात्रा, स्थापित देव पूजा समेत कई कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन शनिवार को सवेरे पूजन, रुद्र हवन, हवन शिखर, अभिषेक, कुटीर हवन एवं रात को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एडवोकेट प्रकाश माली प्रस्तुतियां देंगे। तीसरे दिन सवेरे शुभ मुहूर्त में प्रतिष्ठा, तोरण स्थापना, मूर्तियों सहित ध्वजा दण्ड इड़ा प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण होंगी। इसके बाद महाप्रसादी फले चुदड़ी जैन वीसी एवं चुनारों के नोहरे में आयोजित होंगी। इस अनुष्ठान में पुजारी हरिश भाई दयाशंकर ओझा सभी धार्मिक कार्यक्रम करवाऐंगे।





### तैयारी में लगे कमेटी सदस्य

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आपेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजीव चौरसिया, उपाध्यक्ष प्रीतम काशिवा, सचिव शंकरलाल माली, संरक्षक लक्ष्मणराम सुथार, सहसचिव प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रवीणसिंह, उमरावत, सदस्य लुम्बाराम मेघवाल, नारायणलाल माली, शांतिलाल सोनी, हरिश ओझा, भरतसिंह परमार, दिनेश पटेल, राकेश रावल, धीरज खत्री समेत अन्य भक्तों ने महादेव भक्तों को प्रोत्साहित कर अतिप्राचीन आपेश्वर महादेव मंदिर का दर्शनीय जीर्णोद्धार करवाया गया है। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आपेश्वर महादेव मंदिर समेत आस-पास के क्षेत्र को रोशनी से सजाया गया है।

# 840 ग्राम अफीम का दूध बरामद, दो गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पिण्डवाड़ा पुलिस तथा डीएसटी टीम ने मालेरा तिराहे पर विशेष कार्रवाई कर एक जीप में सवार दो जनों को गिरफ्तार कर उनके पास से 840 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। बरामद मादक प्रदार्थ की कीमत करीब 4 लाख रुपए आंका गया। थानाधिकारी हम्मीरसिंह भाटी ने बताया कि डीएसटी टीम एवं थाने की विशेष टीम ने मालेरा तिराया पर नाकेबंदी की गई। उसी दौरान एक लग्जरी जीप को रुकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसमें 840 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद कर नंदोली निकुंभ चित्तोडगढ़ निवासी पुरण गायरी पुत्र सवाराम गायरी तथा आवारीमाता आसाव भदेसर चितोड़गढ़ निवासी रशीद



मोहम्मद पुत्र नाथु खां को गिरफ्तार किया। डीएसटी के उप निरीक्षक अमराराम, कांस्टेबल जीवाराम, गजेन्द्रसिंह, मुकेश कुमार, शैतानराम, कल्याणसिंह आदि का सहयोग रहा।

# कार से 128 किलो डोडा पोस्त बरामद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सदर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजपुरा के जंगलाती क्षेत्र में एक कार से आठ कट्टों से 128 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 19 लाख आंकी गई है।

थानाधिकारी हंसाराम सिरवी ने बताया कि सदर थाना टीम ने मुखबिर की सूचना पर राजपुरा सरहद के जंगल की झाडियों में खडी लग्जरी कार को दस्तयाब कर उसकी जांच की तो उसमें आठ कट्टे जब्त किए। जिसमें 128 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर वाहन को जब्त कर दिया। कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी उप निरीक्षक अमराराम, कांस्टेबल भजनलाल, थानाभाई, मूलाराम एवं गोपालसिंह का सहयोग रहा।

# परिवार नियोजन के लिए सुरक्षित साधन 'अंतरा'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गर्भनिरोधक इंजेक्टेबल कॉन्ट्रासेप्टिव (अंतरा) इंजेक्शन को लेकर अप्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वास्थ्य भवन सभागार में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अंतरा लगवाने वाली महिलाओं को नियमित फोलो अप करने और 3 माह के अंतराल से बुलाकर अगली डोज देने की बात कही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि अंतरराज्य के नाम से ऑनलाइन सॉफ्टवेयर भी संचालित है। जिसके माध्यम से हर 3 माह से लाभार्थी होने पर रिमाइंडर मिल जाता है। उन्होंने ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में क्रांतिकारी साबित हुए अंतरा एमपीए इंजेक्शन की सेवाएं अब जिला अस्पताल, सभी सीएचसी, शहरी पीएचसी एवं सब सेंटर पर उपलब्ध हैं। आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन से मास्टर ट्रेनर सलीम खान द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन के विषय में तकनीकी अपडेट साझा कर अंतरा के उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दी साथ ही परिवार नियोजन सामग्री का वितरण एफपीएलएमआईएस ऐप के माध्यम से करने पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में डिप्टी सीएमएचओ डॉ चंदनसिंह, बीसीएमओ पिंडवाड़ा डॉ. भूपेंद्रप्रतापसिंह, जिला आईईसी समन्वयक दिलावर खां, आईपास संस्थान के जिला समन्वयक धीरज राजपुरोहित मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र किए वितरित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जय दशा मां सेवा ग्रुप द्वारा 290 ग्रामीण स्कूल के विद्यार्थियों व ग्रामीणों को कम्बल, ऊनी स्वेटर, खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। व्यव-स्थापक कैलाशचन्द्र जीनगर के अनुसार 12 वर्षों से भाखर क्षेत्र के करीब 85 स्कूलों में 6 हजार दो सौ बच्चों की सेवा की गई हैं। 180 बच्चों को कक्षा में अव्वल आने पर सम्मानित भी किया गया। इस वर्ष भी करीब 500 स्वेटर, शिक्षण सामग्री , खाद्य सामग्री का वितरण का लक्ष्य किया गया। इसी के तहत 290 बच्चों को 235 स्वेटर, पेंट, जेकेट, 155 जोड़ी मोजे, 300 पैकेट बिस्किट व बीस कंबल वितरित किए गए। ललीता परमार, ओमप्रकाश दाना, सुरेश प्रजापति, दिनेश जीनगर,अमरसिंह, जीवाराम देवासी आदि मौजूद थे।2



# नए सामुदायिक केंद्र का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके पुरम।** लेडिस क्लब की ओर से लोडर कॉलोनी में शनिवार को नए सामुदायिक केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसमें कॉलोनी के सभी वर्ग के लोग सामुदायिक केंद्र का उपयोग शिक्षा और मनोरंजन के लिए कर सकते हैं। जिसके लिए लेडिस क्लब द्वारा पंखा, टेबल, कुर्सी, कैरम बोर्ड आदि खेलने का सामान उपलब्ध करवाया गया। इसके देखरेख के लिए लोडर की एक कमेटी बनाई गई।

# सरकारी भूमि पर किए अतिक्रमण को हटवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** मगरीवाड़ा के ग्रामीणों ने शनिवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर सरकारी भूमि पर किए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मगरीवाडा हाईवे रोड के जावल-घनपुरा आम चोराहे के पास शमशान भूमि में पर जाने वाला आम रास्ता एवं नाला बना हुआ है। जिस पर ग्रामीण कई वर्षों से यही होकर आवागमन कर रहे है। वर्तमान में इस सरकारी भूमि पर अप्रार्थी भगवतसिंह पुत्र हनवंतसिंह, भूपेन्द्रसिंह पुत्र खुमानसिंह, नागेन्द्रसिंह पुत्र शैतानसिंह ने उस भूमि पर कब्जा कर तारबंदी करने के बाद उक्त रास्ते को भी बंद कर दिया है। ऐसे में उस भूमि का सीमाज्ञान करवाकर अवैध कब्जे को हटाया जाए। गणपत जोशी, जोरावरसिंह, भोपसिंह, नायरणसिंह एवं कांतिलाल आदि मौजूद थे।



# विद्यार्थियों को दिया वालंटियर का प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रधानाचार्य अमृतलाल माली की अध्यक्षता में वालंटियर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। दक्ष प्रशिक्षक दुर्गाराम ने वालंटियर प्रशिक्षण मॉड्यूल की सहायता से जानकारी साझा की। संस्था प्रधान माली ने समस्त स्वयंसेवकों को विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। साथ ही विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कॅरियर डे का आयोजन हुआ। व्याख्याता दुर्गाराम ने रेलवे, सनतआढा ने आर्मी एवं लॉ, सोहनलाल ने इंजीनियरिंग, जतिन कुमार ने बीमा, जितेंद्र कुमार ने बैंकिंग, किशन कुमार ने मेडिकल, सुरेश कुमार ने कृषि क्षेत्र में रोजगार की जानकारी विद्यार्थियों को दी। संस्थाप्रधान अमृतलाल माली ने विद्यार्थियों को समस्त क्षेत्रों में रोजगार की जानकारी से लाभ लेने की प्रेरणा दी। उपाचार्य उमेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। व्याख्याता बाबूलाल, श्रवण कुमार, वीसाराम, नरेश खत्री, लता दिया, मुकेश कुमावत मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत कई कार्यक्रम करवाएं जा रहे है। इसी के तहत शनिवार को वरली के कालुम्बरी स्कूल के विद्यार्थियों स्वेटर एवं स्कूल बेग वितरित किए। सरपंच बाबूलाल गरासिया द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कार्यों की जानकारी दी। इकाई प्रमुख के माध्यम से क्षेत्र में पानी, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बंधित अनेको कार्य समय समय पर कर पिछड़े क्षेत्र के निवासियों को लाभन्विन्त किया गया। कांवी महिला मडल की अध्यक्षा श्रीमती स्नेहा चौहान एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों को स्वेटर एवं कक्षा 1 के विद्यार्थियों के स्कूल बेग का वितरण किया गया। कांवी महिला मंडल की अध्यक्ष द्वारा कबीर के दोहे के माध्यम से दिए गए संदेशो एवं स्कूल बालिकाओं द्वारा दिए गए प्रस्तुति को सराहा। प्रधानाचार्य हरिसिंह ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया।



# समय पर हो मरीजों का इलाज : सीएम

## कैम्पस का दौरा कर फडणवीस ने दिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

### मेयो' और 'मेडिकल' की विश्वसनीयता अधिक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नागपुर।** इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल (मेयो) और शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल (मेडिकल) की विश्वसनीयता अधिक है। यहां की चिकित्सा सेवाएं-सुविधाएं बढ़ें और अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों का समय पर इलाज हो, इसके लिए एक हजार करोड़ रुपये का कोष उपलब्ध कराया है। ये कार्य योजना के अनुसार समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। नागपुर स्थित इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल (मेयो) और शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल (मेडिकल) का

### संपूर्ण कैम्पस सौर ऊर्जा पर हो

संपूर्ण कैम्पस सौर ऊर्जा पर हो। वर्तमान प्रस्तावित कार्य पूर्ण करने के बाद ही नए कार्य शुरू किए जाएं। इसके लिए आवश्यक सभी सहयोग किया जाएगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया जाए। निर्माणाधीन सभी भवनों में शौचालयों का रखरखाव उचित प्रकार से हो, इसके लिए सर्वतोमुखी सावधानी बरतने के निर्देश भी मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने इस अवसर पर दिए। मेयो और मेडिकल में चल रहे कार्यों की अप्रैल माह में पुनः समीक्षा की जाएगी। इस दौरान कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राथमिकता से ली जाएगी।

### निगरानी को डीएम कार्यालय में वॉर रूम

■ मेयो और मेडिकल के प्रगतिपथ पर चल रहे कार्य, वर्तमान स्थिति, समस्याएं-चुनौतियां, कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में वॉर रूम स्थापित करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए।

### विभागीय अधिकारी रहे उपस्थित

■ इस अवसर पर विधायक सर्वश्री प्रवीण दटके, मोहन मते, आशीष देशमुख, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दिनेश वाघमारे, नगर आयुक्त अभिजित चौधरी, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त राजीव निवतकर, जिलाधिकारी डा. विपिन इटनकर, चिकित्सा शिक्षा संचालक डा. अजय चंदनवाले, अधिष्ठाता डा. रवि चव्हाण, डा. राज गजभिये,

जालना में मारवाड़ी मंच का 'पधारो म्हारा देश' कार्यक्रम

# मारवाड़ी उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय : राज्यपाल



### मारवाड़ी समाज ने किया राजस्थान के राज्यपाल का अभिनंदन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** जालना में मारवाड़ी मंच द्वारा आयोजित "पधारो म्हारा देश" कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि मारवाड़ी उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय है। जहां— जहां मारवाड़ी गए हैं, उन्होंने वहां की अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां बैलगाड़ी पहुंची वहां-वहां मारवाड़ी भी पहुंचे और वहां के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने जालना के मारवाड़ी उद्यमियों की चर्चा करते हुए महाराष्ट्र और पूरे देश में उनके महान योगदान को महत्वपूर्ण बताया। बागडे शनिवार को जालना में मारवाड़ी मंच द्वारा आयोजित "पधारो म्हारा देश" कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

### मारवाड़ियों ने राष्ट्र के उद्योगों में अपना स्थान बनाया

कठिन संघर्ष से तप कर मारवाड़ियों ने राष्ट्र के उद्योगों में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने अर्थव्यवस्था में मारवाड़ियों के योगदान को महती बताते हुए उनके द्वारा परोपकार के लिए किए कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने मारवाड़ी समुदाय द्वारा उद्यमिता विकास के जरिए राष्ट्र समृद्धि के किए कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रमुख उद्योगपतियों की सूची में राजस्थानी उद्योगपतियों की संख्या सबसे ज्यादा है। फोर्ब्स की सूची में भी देश के प्रमुख उद्योगपतियों और धनी व्यक्तियों में मारवाड़ी अग्रणी हैं।

### मारवाड़ी कोई जाति नहीं

उन्होंने कहा कि मारवाड़ी कोई जाति नहीं है, बल्कि विशिष्ट सामाजिक-सांस्कृतिक समूह का सूचक है। यह उद्यमिता के गुणों से युक्त मानव समुदाय है। आरंभ में राज्यपाल श्री बागडे का मारवाड़ी मंच द्वारा अभिनंदन किया गया। उन्होंने मारवाड़ी मंच के पदाधिकारियों से संवाद कर राजस्थान में निवेश के लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया।

महाराष्ट्र के जालना जिले में श्रीमती दान कुंवर हिंदी कन्या विद्यालय समिति में अल्पसंख्यक संस्था की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित का दान कुंवर परिवार की ओर से सम्मान किया गया।

मुंबई टोरेस निवेश घोटाला

# पांच करोड़ बरामद, तीन गिरफ्तार

### ईओडब्लयू की बड़ी कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में टोरेस निवेश घोटाले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस मामले में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईओडब्ल्यू ने दादर में टॉरेस ज्वेलरी स्टोर और शहर के एक फ्लैट से निवेशकों द्वारा जमा किए गए पांच करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मुंबई पुलिस ने दक्षिण मुंबई के कोलाबा में आरोपियों में से एक तानिया उर्फ तजागुल करक्सनोवना जासतोवा (52) द्वारा किराए पर लिए गए एक फ्लैट से 77 लाख रुपए अपने कब्जे में लिए हैं। ईओडब्लू अधिकारी ने कहा कि जासतोवा टॉरेस स्टोर में एक महाप्रबंधक के रूप में काम करती थी। एक हजार से अधिक 'कीमती पत्थर' भी बरामद किए हैं।





### सीएम जासतोवा समेत तीन गिरफ्तार

टोरेस निवेश घोटाले में अब तक जासतोवा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फरार लोगों में दो यूक्रेनी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे अपने देश भाग गए हैं।

### शिकायतकर्ता सामने आए

पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस मामले में जांच शुरू होने के बाद काफी संख्या में निवेशक शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आ रहे हैं। कंपनी ने इन पत्थरों के लिए निवेशकों से हजारों रुपए वसूले। जबकि इनकी वास्तविक कीमत करीब 300 रुपए प्रति पत्थर थी। टोरेस ने कथित तौर पर सैकड़ों जमाकर्ताओं को निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके ठगा।

### प्लेटिनम हर्न के खिलाफ केस दर्ज

ईओडब्ल्यू अधिकारी ने कहा कि टोरेस निवेश घोटाला करीब 22 करोड़ रुपये की है। मुंबई पुलिस ने 'टॉरेस' आभूषण ब्रांड चलाने वाली प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ निवेशकों से 13.48 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का मामला दर्ज किया है। ईओडब्लू के मुताबिक टोरेस घोटाले को अंजाम देने वालों ने मुंबई के अलावा नवी मुंबई, मीरा भयंदर सहित आसपास के सैकड़ों निवेशकों को भी कंपनी ने निवेश योजना के तहत ठगा है।

# यूबीटी अकेले लड़ेगी मनपा चुनाव : राउत

### लोस-विस चुनाव के लिए था एमवीए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने साफ कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। संजय राउत के इस बयान की सियासी गलियारों में खूब चर्चा हो रही है और कांग्रेस ने इस बयान पर पलटवार किया है। 'गठबंधन में, अलग-अलग दलों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम अपने दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों व पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे।' संजय ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिए हैं कि उसे अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। राउत ने कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते में विश्वास नहीं करते, उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।



### राउत को हर दिन बोलने की आदत :वर्षा गायकवाड़

संजय राउत के दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड ने कहा कि संजय राउत को हर दिन बोलने की आदत है लेकिन आखिरी फैसला उद्धव ठाकरे लेंगे। मुझे लगता है, हर पार्टी के कार्यकर्ता की एक अपनी भूमिका होती है। संजय राउत के बयान पर मैं अपना बयान नहीं दूंगी। हमने ईमानदारी से एमवीए के लिए काम किया।



### सड़क गुणवत्ता सुधार और यातायात प्रबंधन एवं योजना विषयक कार्यशाला संपन्न

नवी मुंबई। नवी मुंबई महानगरपालिका की ओर से किए जाने वाले निर्माण कार्यों में नवप्रौद्योगिकी का समावेश कर कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि हो और इसका उपयोग नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं प्रदान करने में हो, इस उद्देश्य से नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में मनपा मुख्यालय स्थित ज्ञानकेंद्र में, अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहर अभियंता शिरीष आरदवाड के माध्यम से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की सड़क निर्माण, निर्माण कार्य और प्रबंधन योजना जैसे विषयों पर आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईटी के विशेषज्ञ प्राध्यापकों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के संबंध में विस्तृत और अद्यतन जानकारी दी। इसमें आईआईटी के प्रा. धर्मवीर सिंह ने बिटुमिनस और कंक्रीट सड़कों के निर्माण व गुणवत्ता, क्षेत्रीय निर्माण और ओवरले, व्हाइट-टॉपिंग, प्रगति पथ पर चल रहे हैं।

# शादी का झांसा देने वाला भोपाल से गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। एक वैवाहिक साइट से संपर्क करके ठगी का मामला मुंब्रा पुलिस स्टेशन की सीमा अन्तर्गत जैद फुल खान (26) ने शादी का वादा करके पीड़िता का विश्वास जीतकर 13.54 लाख रुपए ठग लिए। 10 अक्टूबर को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। मुंब्रा पुलिस स्टेशन की साइबर सेल ने कुशल जांच के बाद आरोपी को नौ जनवरी को मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने 10 अक्टूबर 2024 को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शादी का झांसा देकर आर्थिक धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे के मार्गदर्शन में साइबर सेल विभाग की टीम सपोनी प्रवीण सुरवड़े, पुलिस उपनिरीक्षक विजय सानप, पुलिस कांस्टेबल शेगर, पुलिस कांस्टेबल बन्ने, पुलिस कांस्टेबल महाले, पुलिस कांस्टेबल प्रवीण पाटिल, पुलिस कांस्टेबल नवनाथ थोरवे और जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक नितिन पगार के मार्गदर्शन में कुशलतापूर्वक जांच कर रहे हैं।

पीड़िता से ठगे 13.54 लाख रुपए

# संतुलन और जीवन की समग्रता का प्रतीक संयम

■ संयम जीवन के 18वें वर्ष में मुनि प्रितेश विजय ने बढ़ाया कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** संयम जीवन के 18वें वर्ष में प्रवेश करते हुए मुनि प्रितेश विजय ने संयम को संतुलन और जीवन की समग्रता का प्रतीक बताया। उनके अनुसार, संयम का अर्थ केवल आत्मनियंत्रण नहीं हैं, बल्कि जीवन के हर पहलू-भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक-में संतुलन स्थापित करना हैं। संयम हमें न केवल व्यक्तिगत विकास की ओर ले जाता हैं, बल्कि मानव सेवा, परोपकार और प्रकृति संरक्षण के माध्यम से समाज को भी बेहतर बनाता हैं। मुनि प्रितेश विजय के मार्गदर्शन में श्रावकों के लिए विशेष शिक्षा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक उन्नति नहीं हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता, पर्यावरण संरक्षण और जीवदया के महत्व को समझाना भी हैं। इन शिविरों में श्रावकों को अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उपाय बताए जाते हैं, साथ ही प्रदूषण को कम करने और धरती मां को बचाने के लिए सरल लेकिन प्रभावी कदम उठाने की प्रेरणा दी जाती हैं। उनके अनुसार, परोपकार का सबसे बड़ा रूप हैं जीवदया-जो न केवल प्राणियों की रक्षा करती है, बल्कि पृथ्वी के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाती है। उनका संदेश हैं कि संयम का अभ्यास हमें संतुलित जीवन जीने, दूसरों की भलाई करने और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने की प्रेरणा देता हैं।





■ एडवोकेट हरेश इदनानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते प्रकाश डांगले।

# गहन स्वच्छता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण

### विभागवार समय-सारिणी की गई तैयार





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** शहर की मुख्य सड़कों पर लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कों और फुटपाथों के किनारे मिट्टी जमा हो जाती है। यह मिट्टी वाहनों की आवाजाही से हवा में उड़कर धूल बढ़ाती है और इससे वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है। इसी के मद्देनज़र, सड़कों, फुटपाथों और डिवाइडर से मिट्टी हटाकर इन स्थानों को गहराई से साफ करने के उद्देश्य से नवी मुंबई मनपा आयुक्त डा. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में बेलापुर से दिघा तक सभी आठ विभाग कार्यालय क्षेत्रों में 15 दिन की गहन सफाई अभियान (डीप क्लिनिंग ड्राइव) 30 दिसंबर से शुरू किया गया है। यह अभियान 13 जनवरी तक प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है, जिसके लिए विभागवार समय-सारिणी तैयार की गई है और उसकी योजना के अनुसार क्रियान्वयन आयुक्त के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नियंत्रण में किया जा रहा है। इसके तहत आज 10 जनवरी को बेलापुर विभाग में सेक्टर-15 बेलापुर स्थित न्यायालय भवन से जेटी क्षेत्र तक के मुख्य सड़कों, फुटपाथों और डिवाइडरों की गहन सफाई की गई। वाशी विभाग में भी सेक्टर-1 क्षेत्र के मुख्य सड़कों की बारीकी से सफाई की गई।

सभी आठ विभाग कार्यालय क्षेत्रों में 15 दिन की गहन सफाई अभियान जारी

# एमएमआर में 4,935 सड़क दुर्घटनाएँ

**मुंबई।** महाराष्ट्र परिवहन विभाग के हालिया आंकड़े बताते हैं कि 2024 में शहर में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। पिछले साल जनवरी से नवंबर के बीच मुंबई और उसके महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) में 4,935 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं। कुल घटनाओं में से 2,319 मुंबई में हुईं। इन दुर्घटनाओं के कारण एमएमआर में 1,108 लोगों की मौत हुई। इनमें से 299 शहर में हुईं।

दूसरी ओर, राज्य के आंकड़े मामूली सुधार दर्शाते हैं, जो राहत की सांस देते हैं। महाराष्ट्र में जनवरी से नवंबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं में 98 मौतें कम हुईं। इस दौरान राज्य में 32,801 यातायात दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 13,823 मौतें हुईं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 के बाद पहली बार सड़क दुर्घटनाओं में मौतों में कमी आई है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दिसंबर में भी यह स्थिति ऐसी ही रहेगी। उन्होंने राजमार्गों और मोटरमार्गों पर मौतों की संख्या को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

# महाराष्ट्र सदन में कल तक उत्पादों की बिक्री प्रदर्शनी

### ग्रामीण उत्पादों को शहरों से जोड़ने का प्रयास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** कस्तूरबा गांधी स्थित महाराष्ट्र सदन में नाबार्ड के सहयोग से आज से 13 जनवरी तक भौगोलिक मानांकित (जीआई) उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इस प्रदर्शनी में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों के स्थानीय उत्पाद शामिल हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादकों को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रभारी निवासी आयुक्त निवा जैन के हाथों हुआ। इस अवसर पर नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक रविंद्र मोरे, महाराष्ट्र सदन की प्रबंधक भागवंती मेश्राम, निर्माण विभाग के अभियंता जे. डी. गंगवार और अन्य गणमान्य

### प्रदर्शनी में दिखीं आर्कषक वस्तुएं

प्रदर्शनी में नासिक जिले के येवले की भौगोलिक मानांकित दिवटे पैठणी प्रदर्शनी में पैठणी, सेमी पैठणी, हाथ से बनी साड़ियां, साथ ही पैठणी के जैकेट, टोपी और हैंडबैग प्रदर्शित किए गए हैं। नंदुरबार जिले के धडगांव तालुका स्थित बोंदवाड़े की 'आमु आखा एक से' किसान उत्पादक कंपनी द्वारा निर्मित आमचूर पाउडर, और इसी जिले की डॉक्टर हेडगेवार सेवा समिति द्वारा भौगोलिक मानांकित भड़क लाल मिर्च का भी एक काउंटर लगाया गया है। कोल्हापुर स्थित कोल्हापुर कृषि उत्पाद बाजार के प्रसिद्ध गुड़, सांगली जिले के मिरज में तैयार होने वाले तानपुरा और सितार जैसे वाद्यों को भौगोलिक मानांकन प्राप्त है।

# नायलॉन मांझा विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करें : नीलम गोहे

### नायलॉन मांझें के कारण नागरिक हो रहे घायल

**मुंबई।** नायलॉन मांझें के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में नागरिकों के घायल होने की घटनाएं हुई हैं। कुछ मामलों में तो जानमाल का भी नुकसान हुआ है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नायलॉन मांझें के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाते हुए, राज्य में उन स्थानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सख्त कार्रवाई की जाए, जहां मांझा बेचा जा रहा है। साथ ही, मांझें के उपयोग को रोकने के लिए जनजागृति की जाए, ऐसी हिदायतें विधान परिषद की उपसभापति डा. नीलम गोहे ने दीं। उपसभापति डा. गोहे ने मुंबई, ठाणे, नाशिक, जलगांव, धुले, पुणे और छत्रपति संभाजीनगर मनपा क्षेत्रों में नायलॉन मांजे के उपयोग पर रोकथाम की कार्रवाई के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में पर्यावरण विभाग की प्रधान सचिव विनीता सिंघल, मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, पुलिस उपायुक्त (उपक्रम) पठान, छत्रपति संभाजीनगर पुलिस आयुक्त प्रवीण पवार, ठाणे पुलिस आयुक्त प्रशांत परबकर, नाशिक पुलिस उपायुक्त प्रशांत बच्छाव, धुले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर काले, पुणे सह पुलिस आयुक्त रंजन कुमार, और जलगांव के अति. पुलिस अधीक्षक अशोक नकाते वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। जनजागृति के लिए निर्देश देते हुए उपसभापति डॉ. गोहे ने कहा कि महानगरों में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लाउडस्पीकर, पोस्टर आदि के माध्यम से जनजागृति की जाए। लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि इससे नागरिकों का उत्साह कम न हो। संभाजीनगर पुलिस आयुक्त ने जो बेहतर योजनाएं लागू की हैं, उन्हें अन्य महानगरपालिका और पुलिस आयुक्त भी अपनाएं। बाइक पर यू-शेप गार्ड लगाने के बारे में जांच की जाए। साथ ही, मांजे की बिक्री, उत्पादन या मांजे से होने वाली घटनाओं की जानकारी देने के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए। यातायात पुलिस को नायलॉन मांजे पर कार्रवाई के लिए सतर्क रहना



नवी मुंबई मनपा अतिक्रमण विभाग

# वाशी, ऐरोली और नेरुल में की कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधित लोगों द्वारा नोटिस पर ध्यान न दिए जाने के कारण, नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने वाशी, ऐरोली और नेरुल विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र के सी विभाग वाशी अंतर्गत शारजान गुलाब मुलानी, घर क्र. 1 एवं 2, सेक्टर-15, वाशी, नवी मुंबई द्वारा बिना किसी अनुमति के अनधिकृत निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस अनधिकृत निर्माण के लिए वाशी विभाग द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन और नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस दी गई थी। संबंधित लोगों को अनधिकृत निर्माण को स्वयं हटाना आवश्यक था, लेकिन उनके ऐसा न करने के कारण 03 अक्तूबर को वाशी विभाग द्वारा तोड़क अभियान चलाकर अनधिकृत निर्माण का आंशिक निष्कासन किया गया था। इसके बाद, संबंधित लोगों द्वारा निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने के कारण, 10 जनवरी को वाशी विभाग द्वारा दोबारा तोड़क अभियान चलाकर अनधिकृत निर्माण का आंशिक निष्कासन किया गया। सी विभाग कार्यालय के सहायक आयुक्त सागर मोरे के नियंत्रण में यह कार्रवाई की गई। इस अभियान में सहायक आयुक्त सागर मोरे, कनिष्ठ अभियंता मंगेश मेहेर और अतिक्रमण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान के लिए कुल 10 मजदूर, 1 इलेक्ट्रिकल हैमर, 1 गैस कटर और पोकलन का उपयोग किया गया। इस अनधिकृत निर्माण पर नेरुल विभाग कार्यालय के अतिक्रमण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा पुलिस बंदोबस्त के साथ कार्रवाई की गई। इस अभियान में 15 मजदूर और 1 गैस कटर का उपयोग किया गया। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त और विभागीय अधिकारी जयंत जावडेकर, कनिष्ठ अभियंता संजय सोनटक्के, अतिक्रमण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, सुरक्षारक्षक और पुलिस की उपस्थिति में की गई। मनपा के मुताबिक, आगे भी इस प्रकार की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को और अधिक तीव्र किया जाएगा। नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र के जी विभाग ऐरोली में एफ-52 और एफ-53, सेक्टर-4 पर आरसीसी इमारत का निर्माण बिना किसी अनुमति के अनधिकृत रूप से शुरू किया गया था।

स्वामी विवेकानंद जयंती आज

# युवाओं से संवाद करेंगे साहित्यकार प्रवीण दवणे

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा के समाज विकास विभाग की ओर से महिलाओं, बच्चों, पिछड़े वर्ग के घटकों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपक्रम और योजनाएं नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में चलाई जाती हैं। इसी क्रम में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूरे देश में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में मनपा की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्वामी विवेकानंद का जीवनचरित्र सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। इसी संदर्भ में, स्वामी विवेकानंद के जीवनचरित्र से युवाओं के विचारों को दिशा देने के उद्देश्य से, सुप्रसिद्ध साहित्यकार और व्याख्याता प्रा. प्रवीण दवणे का व्याख्यान 12 जनवरी को सुबह 10:30 बजे वाशी स्थित विष्णुदास भावे नाट्यगृह में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रा. प्रवीण दवणे "तेजातून तेजाकडे" (तेज से तेज की ओर) विषय पर युवाओं के साथ संवाद करेंगे। इस अवसर पर नवी मुंबई के अधिक से अधिक युवा-युवतियों



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.





# ठंड में सुबह जोड़ों में क्यों होता दर्द

## दर्द कैसे करें दूर, क्या खाएं और क्या न खाएं

### जोड़ों की अकड़न और दर्द से कैसे बच सकते हैं

- हम अपनी लाइफ स्टाइल में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करके जोड़ों के दर्द से निपट सकते हैं।
- ठंड के सीधे एक्सपोजर से बचने के लिए सुबह और शाम के समय घर से बाहर न निकलें। घर से बाहर के सभी काम दिन में पूरे करने की कोशिश करें।
- शरीर में गर्माहट बनाए रखने के लिए गर्म कपड़े और जूते पहनकर रखें।
- बॉडी एक्टिव रखने के लिए कुछ देर इनडोर एक्सरसाइज करें।
- ठंड में ज्यादातर लोगों का लिक्विड इनटेक कम हो जाता है। इसके कारण डिहाइड्रेशन हो सकता है। इससे जोड़ों में अकड़न हो सकती है और फ्लूइड कम हो सकता है। यह दर्द की वजह बनता है। इसलिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है।
- शारीरिक और मानसिक स्ट्रेस बढ़ने से दर्द का एहसास सामान्य से ज्यादा होता है। इसलिए स्ट्रेस मैनेजमेंट बहुत जरूरी है।
- जोड़ों में दर्द की समस्या होने पर डॉक्टर सबसे पहले वजन कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। वजन ज्यादा होने से जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे लक्षण गंभीर हो जाते हैं। इसलिए वेट मैनेजमेंट बहुत जरूरी है।

### एंटी इंफ्लेमेटरी डाइट फॉलो करें

जोड़ों में दर्द के पीछे इंफ्लेमेशन एक मुख्य वजह है। सर्दियों में कोल्ड से बचने के लिए शरीर का इम्यून रिस्पॉन्स बढ़ जाता है। इसके कारण इंफ्लेमेशन बढ़ जाता है और जोड़ों का दर्द भी बढ़ जाता है। दर्द से निपटने के लिए एंटी इंफ्लेमेटरी डाइट फॉलो करना जरूरी है। इसके लिए ये टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

- भोजन में सभी रंग के फल और सब्जियां शामिल कर सकते हैं।

जई, राई, बाजरा, क्विनोआ और ब्राउन राइस शामिल कर सकते हैं।

- सभी दालें, चना, ब्लैक बीन्स और लाल राजमा शामिल कर सकते हैं।

डाइट में तेल को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतनी चाहिए। जैतून का तेल शामिल कर सकते हैं।

- बादाम, अखरोट, चिया सीड्स और फ्लेक्स सीड्स शामिल कर सकते हैं।
- अदरक, लहसुन, हल्दी, इलायची, काली मिर्च और दालचीनी शामिल कर सकते हैं।
- गट हेल्थ के लिए फायदेमंद दही, पनीर और केला खा सकते हैं।
- डाइट में प्रॉसेस्ड, अल्ट्राप्रॉसेस्ड फूड, रिफाइंड कार्ब्स और शुगर से परहेज बरतें।
- मौसमी फल और सब्जियां खाएं।
- हर मौसम में शरीर को अलग-अलग मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इनसे निपटने के लिए प्रकृति मौसम के मुताबिक फल और सब्जियां उगाती है।
- आंवला, अमरूद और संतरा ठंड में मिलने वाले फल हैं और ये एंटी इंफ्लेमेटरी होते हैं।
- फूल गोभी, पत्ता गोभी, ब्रॉकली और गाजर ठंड में मिलने वाली सब्जियां हैं और ये एंटी इंफ्लेमेटरी होती हैं।
- डाइट में ये फल और सब्जियां शामिल करने से जोड़ों की अकड़न और दर्द में राहत मिल सकती है।

*क्या आपने नोटिस किया है कि ठंड के मौसम में सुबह जोड़ों में अकड़न और दर्द होता है। यह किसी को कम और किसी को ज्यादा हो सकता है। सर्दियों में जोड़ों का दर्द काफी कॉमन है। इस मौसम में जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ने के कई कारण हैं। ठंड में टेम्परेचर कम होने के कारण ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं। इसके कारण ब्लड फ्लो कम हो जाता है और दर्द ज्यादा महसूस होता है। सर्दियों में फिजिकल एक्टिविटी कम होने से और मूड में बदलाव के कारण भी ऐसा हो सकता है। ऐसे में जो लोग आर्थराइटिस से पीड़ित हैं, उनके लिए इस मौसम में मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में 52.8 करोड़ लोगों को ऑस्टियोआर्थराइटिस है। दुनिया में लगभग 1 करोड़, 76 लाख लोगों को रूमेटॉइड आर्थराइटिस है। इन सभी लोगों के जोड़ों में सूजन है, जो सर्दियों में और बढ़ जाती है। इसके कारण दर्द भी बढ़ जाता है। कई बार तो सर्दियों में इनके लिए चलना-फिरना तक मुश्किल हो जाता है। अब सवाल ये है कि इस दर्द से निपटने का तरीका क्या है।*

*सर्दियों में बढ़ता जोड़ों का दर्द नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन' में मार्च, 2014 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, सर्दियों में आर्थराइटिस के लक्षण बढ़ जाते हैं। इस स्टडी में शामिल ऑस्टियोऑर्थराइटिस से पीड़ित 67.2 प्रतिशत लोगों की शिकायत है कि ठंड बढ़ने पर उनके जोड़ों में सूजन और दर्द बढ़ जाता है।*

*ठंड बढ़ने पर दर्द बढ़ता क्यों है ठंड बढ़ने पर हमारा ब्रेन शरीर को यह मैसेज देता है कि जिंदा रहने के लिए शरीर के प्रमुख अंगों को गर्मी की जरूरत है। मैसेज मिलते ही शरीर ब्लड फ्लो सबसे जरूरी ऑर्गन्स की ओर बढ़ा देता है। हमें ठंड में कंपकंपी भी इसीलिए लगती है, क्योंकि शरीर मसल्स को एक्टिव करके गर्माहट बनाए रखने की कोशिश करता है। ब्लड शरीर के कोर ऑर्गन्स में बनाए रखने के लिए ब्लड वेसल्स टाइट हो जाती हैं और इनमें सिकुड़न हो जाती है। इसका नुकसान ये होता है कि हाथ और पैरों में ब्लड फ्लो कम हो जाता है। हाथ-पैर में गर्माहट भी कम हो जाती है। इसके कारण जॉइंट्स का फ्लूइड गाढ़ा हो जाता है। यह कंडीशन जोड़ों में अकड़न और दर्द की वजह बनती है।*

### इन समस्याओं से बचने के उपाय



अगर आपको ठंड में बाहर दौड़ते समय ही पैरों में दर्द हो रहा है, तो आपके पास व्यायाम करते समय अपने पूरे शरीर को गर्म रखकर पैरों में दर्द से बचने के कई उपाय हैं। इसके विपरीत, अगर आपको खुद को गर्म रखने के बावजूद ठंड के मौसम में दर्द हो रहा है, तो आपको आगे की चिकित्सा जांच और ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है। इस तरह की जांच और चिकित्सा ध्यान इस बात की खोज करने पर केंद्रित होगा कि आपको ठंड के मौसम में दर्द क्यों बढ़ रहा है और समस्या को हल करने या प्रबंधित करने के लिए उपचार प्रदान किया जाएगा। पांच मिनट या उससे ज़्यादा समय तक स्ट्रेच करें। वार्म-अप एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाकर और आपके शरीर के तापमान को बढ़ाकर आपके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को बढ़ावा देती है। व्यायाम करने से पहले वार्म-अप करने से जोड़ों की अकड़न भी कम होती है और जोड़ों की चोटों से बचाव होता है।

# सर्दियों में टोपी पहनकर सो रहें है तो हो जाएं सावधान

**सर्दियों में ठंड से बचने और शरीर को गर्मी देने के लिए ऊनी कपड़े पहने जाते हैं। यह हमें ठंडी हवाओं से बचाने का काम करता है. हालांकि, कई बार ऐसा होता है कि रात के समय में लोग स्वेटर, टोपी पहनकर ही सो जाते हैं. यह हमें ठंड से तो बचाता है ही लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कई बीमारियों को जन्म देने का भी काम करता है. ऐसे में इस आर्टिकल के माध्यम से आज जानेंगे कि सर्दियों में टोपी पहनकर सोने से कौन सी बीमारियां हो सकती हैं।**



### टोपी पहनकर सोने से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं

#### सिर में दर्द

ठंड के दिनों में टोपी पहनकर सोने से सिर में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं, क्योंकि टोपी टाइट होती है। जिसकी वजह से सिर में ज्यादा दबाव पड़ता है।

#### बालों में ऐंठन

टोपी पहनकर सोने से बालों में ऐंठन की समस्या हो सकती है। बालों और उसकी जड़ों में दबाव आ सकता है। जिससे बालों में रूखेपन, टूटना और कमजोर होने की समस्या आ सकती है।

#### नींद में बाधा

सर्दियों के दिनों में टोपी पहनकर सोने से नींद बाधित होती है, क्योंकि टोपी की वजह से सिर पसीने से भीग जाएगा। इससे स्किन संक्रमण का खतरा होने का डर रहता है।

#### ह्रदय को खतरा

रात में टोपी पहनकर सोने से हार्ट पर बुरा असर पड़ता है। इससे दिल की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है।

#### ब्लड प्रेशर की समस्या

टोपी पहनकर सोने से ब्लड प्रेशर की समस्या होने का डर बना रहता है. जो व्यक्ति पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहा हो उसे टोपी पहनकर नहीं सोना चाहिए।



# सर्दियों में चेहरे का नूर हो जाएगा दोगुना

सर्दी के दिनों में शुष्क हवाओं से त्वचा बहुत रूखी हो जाती है, जिससे चेहरा काफी डल होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए सोशल मीडिया पर आपको न जाने कितनी रेमेडीज मिल जाएंगी इसके अलावा ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ ही बहुत सारे लोग अलग-अलग तरह के फेशियल भी बता देंगे, लेकिन सबसे जरूरी है कि आपकी त्वचा अंदर से हेल्दी रहे तभी नेचुरल ग्लो बढ़ेगा इसके लिए आप अपने रूटीन में कुछ हेल्दी ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं, जो न्यूट्रिशन रिच हैं। इन ड्रिंक्स को पीने से न सिर्फ चेहरे पर नेचुरल ग्लो आएगा, बल्कि रंगत भी निखरती है और सेहत को भी फायदा होता है। सेहत से लेकर त्वचा, बाल और नाखूनों तक से जुड़ी प्रॉब्लम के पीछे ज्यादातर सही खानपान न होना होता है। फिलहाल अगर सर्दियों में अपनी त्वचा को हेल्दी रखना है तो न सिर्फ स्किन केयर जरूरी है, बल्कि इसके साथ ही आप कुछ ड्रिंक्स को डाइट का हिस्सा बनाएं तो चलिए जान लेते हैं इन ड्रिंक्स के बारे में।



#### नारियल पानी पिएं

लोग सर्दियों में पानी पीना काफी कम कर देते हैं जो स्किन के साथ ही सेहत के लिए भी नुकसानदायक है। पानी तो खूब पीना ही चाहिए, बहुत सारे लोग गर्मी में तो नारियल पानी पीते हैं, लेकिन सर्दी में अवॉयड कर देते हैं, लेकिन नारियल पानी को रूटीन में शामिल करें। इससे त्वचा हेल्दी बनेगी और शरीर में एनर्जी भी बनी रहेगी।

#### लेमन और हनी वाटर

लोग सर्दी के दिनों में नींबू अवॉइड करते हैं, जबकि से विटामिन सी का बेहतरीन सोर्स है, इसलिए त्वचा के लिए कमाल होता है। हेल्दी स्किन के लिए नींबू की चाय पी सकते हैं. पानी को गर्म कर लें जब गुनगुना रह जाए तो इसमें नींबू और शहद डालकर पिएं। इससे त्वचा हाइड्रेट भी होगी, विटामिन सी से स्किन निखरेगी और ग्लोइंग बनेगी, साथ ही शहद भी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद रहता है. वेट मेंटेन करने में भी ये ड्रिंक हेल्प फुल रहेगी।

#### हल्दी वाला दूध

सर्दी के दिनों में हल्दी वाला दूध एक बेहतरीन ड्रिंक है जो न सिर्फ आपकी त्वचा को नेचुरल ग्लोइंग बनाएगा, बल्कि इससे हड्डियां मजबूत बनेंगी। आप सर्दी में बीमार नहीं होंगे। नींद में सुधार होगा। सांस संबंधित समस्याओं में भी हल्दी वाला दूध लाभकारी रहता है इसके अलावा आप केसर वाला दूध भी पी सकते हैं।

#### एलोवेरा जूस पिएं

त्वचा पर लगाने के लिए तो एलोवेरा का इस्तेमाल किया ही जाता है, इसके अलावा इसके जूस के भी गजब फायदे मिलते हैं। सर्दी हो या गर्मी, एलोवेरा जूस को डाइट में शामिल किया जा सकता है। इससे न सिर्फ त्वचा पर ग्लो आएगा, बल्कि चेहरे के दाग-धब्बे भी कम होंगे और डलनेस दूर होगी।

# बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध प्रयास दूरदर्शिता का परिचायक : दिलावर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राज्य के पंचायती राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश बहुत जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ यदि व्यक्ति में संस्कार नहीं आते हैं तो फिर डिग्रियां व्यर्थ हैं। शिक्षा मंत्री दिलावर शनिवार को रतनगढ़ के श्री हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यालय संचालन के लिए जालान परिवार की सराहना करते हुए कहा कि आज से सौ वर्ष पहले जब पुरुष भी बहुत कम पढ़ते थे, बालिका शिक्षा के लिए इस तरह का संस्थान खड़ा करना और इस तरह का वातावरण निर्माण करना जालान परिवार की दूरदर्शितापूर्ण सोच का परिचायक है। उन्होंने जालान परिवार द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि परोपकार में धन खर्च करने से हमारे धन में और अधिक इजाफा होता है, ईश्वर की कृपा से दानी व्यक्ति को प्राप्त होती है। आह्वान किया और कहा कि सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार सरकारी कार्मिकों की जेब से वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान सबसे साफ-सुथरा हो और विकास की ओर अग्रसर हो, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि आज से 100 साल पहले बालिका शिक्षा का विचार करना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। बालिका शिक्षा समय की जरूरत है। बालिकाएं दो कुलों को पवित्र करती हैं। सूरजमल जालान क्षेत्र में शिक्षा की नदी लाने वाले भागीरथ हैं, जिनके प्रयासों से बालिका शिक्षा में इतना बड़ा काम हुआ है। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र सेवा, पॉलिथिन मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने कहा शिक्षा महादान है। बेटी पढाओं बेटी बचाओं पर का सन्देश दियाव आभार जताया। सुबोध सारस्वत ने अपने स्वागत उद्बोधन में जालान परिवार की ओर से करवाए गए कार्यों का उल्लेख किया और रतनगढ़ के विकास में उनके योगदान को सराहनीय बताया। इससे पूर्व जालान परिवार के भरत कुमार जालान ने मंत्री दिलावर व अतिथियों का स्वागत किया।

## मकर संक्रांति पर तुलादान कर पुण्य का लाभ उठाएं : महंत गिरवर सिंह

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री पंचमुखी बालाजी गौशाला तारानगर रोड में तुलादान महोत्सव मे गुड़, बाजरा, चारा आदि गौमाता को दान कर सकते हैं। गौशाला के अध्यक्ष महंत गिरवर सिंह एवं मंत्री एडवोकेट अनिरुद्ध पाटोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जनवरी को गौशाला में तुलादान की व्यवस्था होगी। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि वह अपने वजन एवं इच्छा अनुसार तुलादान कर सकते हैं। मकर संक्रांति का दिन पुण्य करने के लिए शुभ होता है। इस गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त असहाय गायों की सेवा की जाती है इसलिए तन मन धन से सहयोग करें।

# झाड़सर बड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त

### करंट की चपेट में आने से महिला हुई घायल, बकरी की मौत

### सासंद कस्वां, तहसीलदार, पटवारी व पुलिस पहुंची मौके पर घटना का लिया जायजा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर क्षेत्र के गांव झाड़सर बड़ा में शनिवार सुबह 7.30 बजे करीबन एक घर पर आकाशीय बिजली गिरने से पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया, एक बकरी की मौत हो गई एवं सुभाष धींधवाल की पत्नी कविता देवी भी बिजली गिरने के दौरान करंट की चपेट में आने से घायल हो गयी जिसको इलाज के लिए चूरू ले जाया गया जो चूरू में उपचाराधीन है। घर की पूरी फीटिंग जल गई। इसी दौरान आधा किलोमीटर तक 11 हजार केवी विद्युत लाईन भी जल गई। घटना के की सूचना मिलते ही चूरू लोकसभा सासंद राहुल कस्वां, तहसीलदार रतनलाल, पटवारी सहित पुलिस मोके पर पहुंचकर घटना स्थिति का जायजा लिया। सासंद कस्वां ने बताया कि मुझे अभी पता चला कि झाड़सर बड़ा में सुभाष के घर में आकाशीय बिजली गिरने की घटना घटी है, जिसको लेकर मैं आज इस क्षेत्र में दौरे पर था तथा रूट डायबर्ट कर यहां गांव में पहुंचा हूं तथा मैंने जिला कलेक्टर से भी इस संबन्ध में वार्ता की है तथा सरकार इस मामले में जितनी मदद कर सके, उसके लिए जिला कलेक्टर को कहा है तथा सरकार से जितनी मदद मिल सके पूरी मदद दिलवाने की कोशिश करेंगे। सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि बहुत बड़ा घर बना हुआ है, जो पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसे दुबारा से बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना ने वार्ता में पूरा पॉजिटिव रूख दिखाया है तथा सरकार की जितनी भी कोई स्कीम हो इस पीड़ित परिवार को ज्यादा से ज्यादा दिलवाने का काम करेंगे। इसी दौरान पीड़ित परिवार ने तारानगर थाने में भी रिपोर्ट दी है। इसी प्रकार से मोड़ावासी गांव में भी एक मोबाइल टावर पर आकाशीय बिजली गिरी। हालांकि इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बाधित हो गईं।



# न्यूज ब्रीफ

## सूत्रकार महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा रजिस्टर्ड के नवगठित कार्यकारणी शपथ ग्रहण समारोह 12 जनवरी को इंडियन गुलाब मैरिज गार्डन श्याम नगर सोडाला मे 11:30 बजे गुरु वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार की सार्वजनिक विभाग, महिला एवं बाल विभाग मंत्री डॉ मंजू बागमार होगी जबकि विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व संसदीय मंत्री डॉ कैलाश वर्मा विधायक बगरू, पूर्व फागी विधायक अशोक तंवर, भ्रष्टाचार निरोधक महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के महामंत्री गणपत वर्मा, पूर्व महामंत्री अनिल गोठवाल, एनएसयूआई राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ होंगे। महासभा के राष्ट्रीय संयोजक बी एम रोजडे ने बताया कि मुख्य संरक्षक गुलाब लडाना, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति, राष्ट्रीय महासचिव डॉ गोपाल सरावता सहित समाज के गणमान्य लोग तैयारियों में जुटे हुऐ है। शपथ गृहण समारोह रविवार को को प्रात 10 बजे शुरू होगा, जिसमें विचार गोष्ठी, अतिथी सत्कार, पदाधिकारीगण परिचय, अतिथि सम्बोधन व शपथ गृहण कार्यक्रम होगा। बीएम रोजड़े ने महासंघ के पदाधिकारी व समाज के लोगों को परिवार सहित आकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है ।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रीकृष्ण यूथ क्लब का 17वां रक्तदान शिविर आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रीकृष्ण यूथ क्लब का 17वां रक्तदान शिविर का आयोजन आज आयोजित किया जाएगा। यूथ क्लब के अध्यक्ष अर्जुन यादव ने बताया कि यूथ क्लब लगातार 16 वर्षों से 12 जनवरी को रक्तदान शिविर करवाता आ रहा हैं हर वर्ष की भाँति इस बार भी 25त्र तक रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए दान किया जाएगा और यूथ क्लब के सदस्य समय समय पर जरूरमंद को हॉस्पिटल और ब्लड बैंकों में जाकर रक्तदान करते हैं और किसी अनजान का जीवन बचाने का प्रयास करते हैं और यूथ क्लब धार्मिक, सामाजिक, खेल कूद, प्रतियोगी परीक्षाओं, विशिष्टजन और रक्तदाताओं का सम्मान करते हैं। यूथ क्लब बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की मुहीम पर हमेशा से ही काम करता आ रहा हैं। यह जानकारी श्रीकृष्ण यूथ क्लब के प्रवक्ता बलदेव सिंह टांक व अभिषेक सोरेला ने दी।

## निशुल्क आयुर्वेदिक व एक्यूप्रेशर शिविर के समापन पर डॉ.कमल चोरड़िया का स्वागत



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उत्तरादा बाजार स्थित दुर्गा भवन में दुर्गा देवी पन्ना देवी सोनी ट्रस्ट व मधुसूदन वेलनेस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक व एक्यूप्रेशर शिविर के समापन पर सुरत के डॉ.कमल चोरड़िया का सममान किया गया। इस अवसर पर डॉ. मोतीलाल सोनी ने कहा कि मानव सेवा करना बहुत बड़ा धर्म है। हर मनुष्य को अपने जीवन में सेवा भाव जैसे पुनीत कार्य करने चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर पर डॉ. सोनी ने एक्यूप्रेशर विधि से लोगों को लाभाविन्त किया। शिविर में बजरंगलाल सणखत व भगवान दत्त कल्ला आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को रजाईयां वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय लोक सांस्कृतिक संस्था श्री लोकरंजन परिषद सरदारशहर के तत्वावधान में भामाशाहों के सहयोग से बीकानेर रोड के पास स्थित मध्यप्रदेश मजदूर बस्ती में 65 जरूरतमंदों को रजाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर ताल ट्रस्ट संयोजक शोभाकांत स्वामी, लोकरंजन परिषद मंत्री शंभुदयाल पारीक, पवन सिंह राजपूत, मदनलाल पारीक, सम्पत राम जांगिड़, बसंत सोमानी, विवेक नौलखा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे से नगर परिषद ऑडिटोरियम में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु जिला कोषाधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रोजगार उत्सव के दौरान नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट एवं नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से राज्य भर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे।

## सुरेश पारीक राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** गौसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले और स्व. प्रमोद पांडिया स्मृति संस्थान के संयोजक सुरेश पारीक को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें राजस्थान प्रदेश का सह प्रभारी भी बनाया गया है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर व राष्ट्रीय चयन समिति की सहमति से सुरेश पारीक की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही सुरेश पारीक को जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को मजबूती प्रदान करने को कहा गया है। सुरेश पारीक की इस नियुक्ति पर स्थानीय गौप्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गौ हितार्थ की दिशा में किये जा रहे कार्यों को मजबूती प्रदान करने वाला बताया है। गौरतलब है कि सुरेश पारीक लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र और गौ सेवा से जुड़े कामों में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही वे रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्तदान को लेकर जन जागृति लाने का काम भी इनके द्वारा लगातार किया जा रहा है।



# जाग्रत युवा शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं : डॉ. अविनाश पारीक



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय महाविद्यालय, मोमासर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय मोमासर के सभागार में विवेकानंद मास के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस एवं विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भारत माता का पूजन एवं दीपक प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता शिक्षाविद् एवं इतिहासकार डॉ अविनाश पारीक ने कहा कि जागृत युवा शक्ति देश के विकास का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। 1984 में भारत सरकार ने इस दिन को पहली बार 'राष्ट्रीय' युवा दिवस के तौर पर घोषित किया और अगले साल 1985 से इसे हर साल मनाया जा रहा है। यह दिन स्वामी विवेकानन्द और उनके विचारों को याद करने-प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं को जीवन में बेहतर करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते थे। इस अवसर पर उन्होंने विवेकानंद की जीवन के प्रेरणादायक संस्मरण भी सुनाएं। डॉ. राजेश कुमार जाट ने धन्यवाद देते हुए कहां की युवा शक्ति को विवेकानंद के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर सदैव आगे बढना चाहिए। इस कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णा प्रजापत ने किया।

# चाइनीज मांझे से घायल विदेशी पांवणा ग्रेट वाइट पेलिकन पक्षी को किया रेस्क्यू

## एनिमल टीम ने बचाई जान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** चाइनीज मांझा आमजन ही नहीं, पक्षियों के लिए भी जानलेवा हो गया है। मांझे में आसमान में उड़ने वाले पक्षी उलझ कर घायल हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पांच बत्ती चोराहे के पास देखने को मिला है । नरेना रोड स्थित पांच बत्ती चौराहे के पास विदेशी पावणा ग्रेट वाइट पेलिकन चाइनीज मांझे से रेडियस बॉन कटने और ज्यादा खून बहने से घायल हो गया । एनिमल टीम के अध्यक्ष रोशन कुमावत ने जानकारी देते बताया कि टीम को सूचना मिली कि पांच बत्ती सर्किल के पास एक पक्षी चाइनीस मांजे में उलझ कर घायल हो गया है । इस पर एनिमल टीम के अध्यक्ष रोशन कुमावत ने वन विभाग अधिकारी श्याम शर्मा, डॉ राकेश कुमावत, रामनिवास भटेश्वर, विष्णु जाजोटर, गोपाल गौरी शंकर को सूचना दी तथा घायल पक्षी को राजकीय पशु चिकित्सालय ले जाकर जैसे तैसे पक्षी को चाइनीज मांझा से निकाला उसके बाद उसका प्राथमिक उपचार किया गया तथा एनिमल टीम ने घायल पक्षियों की जान बचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 8769732343, 7793013605 भी जारी किया है। इधर मकर संक्रांति पर्व को लेकर पतंगबाजी का उत्साह जोरों पर नजर आता है उसके पहले ही लोग अपनी छतों पर चढ़कर चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते हैं, लेकिन शहर सहित तहसील के कई दुकानदार और होलसेलर चोरी छुपे चाइनीज मांझे का धंधा करते हैं, प्रतिबंध के बावजूद भी धड़ल्ले से मांझा बिक जाता है।



# प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव ने स्कूली बच्चों को भेंट किए ऊनी स्वेटर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** भामाशाह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत घिनोई, राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव सीमा यादव ने ग्राम पंचायत बाई का बास स्थित महात्मा गांधी स्कूल में 51 जरूरतमंद बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरण किया। सीमा यादव की इस अनुकरणीय पहल की हर किसी ने सराहना की तथा कार्यक्रम में मौजूद अभिभावक शिक्षकों व ग्रामीणों ने सीमा यादव का आभार जताया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डोला का बास सरपंच सुल्ताना राम बुनकर, पूर्व उपसरपंच भंवर सिंह, पार्षद भंवर लाल मीणा, संस्था प्रधान सुखा राम बुनकर, अध्यापक गण एवं अभिभावक मौजूद थे। संस्था प्रधान व सरपंच ने भामाशाह सीमा यादव का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में सीमा यादव ने लोगो से इस तरह के कार्यों में आगे बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

# प्रजापति समाज का नव वर्ष स्नेह मिलन का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नेहरू युवा केन्द्र के निकटवर्ती दक्ष प्रजापति भवन में प्रजापति समाज का नव वर्ष स्नेह मिलन का आयोजन किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने बच्चों को संस्कारित शिक्षा के साथ पढ़ाई के लिए मार्ग दर्शन की आवश्यकता पूर्ति पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सुस्वास्थ्य शैक्षणिक विकास की प्रथम सीढ़ी है। बच्चों को शुद्ध खान पान के साथ अंकुरित अनाज भोजन में शामिल करते हुए प्रातः जल्दी उठने की प्रेरणा दे, बच्चों को महापुरुषों की जीवनी अध्यन के लिए जिला पुस्तकालय में पढ़ने की प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दुध है जो पियेगा वहीं दहाड़ेगा तो हमें बचपन से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जागरूक होना समय की महती आवश्यकता है। प्रजापति ने बारहवीं बाद बच्चों को कोनसी दिशा में जाना है मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का अफसोस है कि हमारे समय में मार्गदर्शन के अभाव में बहुत सी प्रतिभाएं पसीने में ही रह गई यदि कोई भामाशाह समाज सेवी शिक्षाविद् उस वक्त मार्गदर्शक होता तो आज वो प्रतिभाएं आई ए अस, आई पी अस जैसै उच्च पदों पर आसीन होते। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडवोकेट भंवर लाल पेंसीया ने समाज की कुरितियां निवारण पर जोर दिया उन्होंने कहा कि दिखावा में अनावश्यक खर्च को कम करना चाहिए और वो खर्च शिक्षा पर करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भामाशाह नोरतमल कीरोड़ीवाल ने समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को अपने सम्बोधन की शुरुआत समाज के सभी सदा सुखी रहो के सम्बोधन से की। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा पर हमें चिंतन करना चाहिए देहाती बालिकाओं के छात्रावास का अभाव होने के कारण उच्च शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाती है उनके लिए छात्रावास की व्यवस्था होनी चाहिए। कार्यक्रम का लेखा-जोखा पार्षद लिखमी चन्द टांक ने पेश किया।

# श्री रघुनाथ विद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री रघुनाथ विद्यालय रतनगढ़ में नगर सेठ भरत जालान की अध्यक्षता सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय के वार्षिकोत्सव समाहरो का बडे हर्षोल्लास और उमंग के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक पूसाराम गोदारा, नगर पालिका अध्यक्षा अर्चना सारस्वत, रतनगढ़ प्रधान मोहिनी देवी थे। वार्षिक उत्सव का विधिवत आरंभ गणेश वंदना से शुरु किया गया। कार्यक्रम में अनेकों मनमोहन वाली प्रस्तुतियां विद्यार्थी द्वारा दी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे राहुल कस्वां, भरत जालान, पूसाराम गोदारा, अर्चना सारस्वत, मोहिनी देवी, तथा जान परिवार से पधारे अनुराधा जालान, ईशान जालान, हेमंत जालान, अपूर्वी जालान, अनुश्रीजालान, दमयंती देवी, दिव्या जालान, भारतीय मुरारका, नेहा गोयनका, राजीव पौद्दार का शॉल, साफा एवं सालासर बालाजी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90: से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले 59 विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता रही दनिका कड़ेल का चांदी का सिक्का, प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र- छाताओं द्वारा शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अभिभावकों को सुझाव प्रेषित किए कि अपने बच्चों पर अत्याधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए बल्कि उनकी योग्यता के अनुसार उन्हें स्वतंत्र रुप से कुछ बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को भी अपने जीवन के अनुभव के साथ जोड़कर मार्गदर्शित किया उन्हें किसी भी प्रकार का गलत रास्ता ना अपना कर अपने माता-पिता एवं गुरुजनों की अपेक्षा को पूरा करने के लिए भरस्क प्रयास करना चाहिए। विधायक पूसाराम गोदारा ने रतनगढ़ नगर के श्रेष्ठ कार्यों के लिए जालान परिवार का धन्यवाद दिया।

# श्री कृष्ण और सुदामा ने पेश की मित्रता की मिसाल



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मनोरंजन क्लब में श्री भोलेनाथ कला मंच द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता का प्रसंग बहुत ही शानदार तरीके से सनातन प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें भगवान श्री कृष्ण ने मित्रता की सारी हदें पार करते हुए अपने परम मित्र सुदामा को भरी सभा में गले लगाया। इस अवसर पर मुख्य कथावाचक श्री कन्हैया लाल जी महाराज ने बताया कि इस सृष्टि में सबसे अच्छा प्रसंग मित्रता का होता है भगवान श्री कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा को अपने गले लगाकर उच्च नीच, जाति पाति, सभी भेदभाव को मिटाने करने का संदेश दिया। इस अवसर पर भोलेनाथ कला मंच के रामचंद्र तूनवाल, विनोद राठी, हरिश शर्मा, प्रमोद प्रजापत, मुकेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम शर्मा अनिल सैनी सुभाष प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

# जसोल मंदिर में हाईकोर्ट जज ने किए दर्शन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**न्यायाधीश व्यास ने मंदिर व्यवस्थाओं को सराहा**

**बालोतरा।** राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति मदन गोपाल व्यास ने पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को श्री राणी भटियाणी मंदिर, जसोल में विशेष दर्शन किए। उनके साथ जिला एवं सेशन न्यायाधीश मंशाराम सुथार, विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित सहित अन्य कोर्ट कर्मचारी भी मौजूद थे। न्यायाधिपति व्यास ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और यहां की स्वच्छता, हरियाली और शांत वातावरण की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि तीन साल पहले भी उन्होंने यहां दर्शन किए थे और तब से अब तक मंदिर में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्थान के अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल के नेतृत्व में मंदिर का विकास सराहनीय रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए न्यायाधिपति ने कहा कि यहां की सुविधाएं और प्रबंधन अद्वितीय हैं। धर्मशाला भवनों में भक्तों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाएं बेहद उपयोगी हैं। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य कुं. हरिश्चंद्रसिंह जसोल ने न्यायाधिपति को श्री रावल मल्लीनाथ और श्री राणी रूपादे की तस्वीर के साथ महेचा राठौड़ों का इतिहास पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

## सीजीएसटी मुख्य आयुक्त ने जसोल धाम का किया दौरा



**बालोतरा।** सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क के मुख्य आयुक्त महेंद्र रंगा ने जसोल धाम के दर्शन किए। महेंद्र रंगा फील्ड निरीक्षण के दौरान यहां आए। उन्होंने सर्वप्रथम श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त मुख्य आयुक्त रावल किशन सिंह जसोल से उनके निवास रावलगढ़ में मुलाकात की। इसके बाद मंदिर में दर्शन कर परिसर का निरीक्षण किया। मुख्य आयुक्त ने संस्थान की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि रावल किशन सिंह ने सरकारी सेवा में अपनी ईमानदारी और निष्ठा से एक मिसाल कायम की। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद रावल साहब के मार्गदर्शन में जसोलधाम में भक्तों के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं विकसित की गई हैं। महेंद्र रंगा ने जसोलधाम को एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र बताते हुए कहा कि यहां की व्यवस्थाएं और परंपराएं समाज को एकजुट करने का बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने इस यात्रा को अपने जीवन का एक यादगार क्षण बताया।

## हस्तशिल्प मेले में पहली बार बच्चों के लिए किड्स जोन



**जोधपुर।** जोधपुर के रावण का चबूतरा मेला मैदान में चल रहे हस्तशिल्प मेले में इस बार मनोरंजन के लिए अलग-अलग तरह के झूले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हर साल जहां एक ही परिसर में छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक के झूले यहां पर लगाए जाते हैं। बच्चों के लिए स्पेशल किड्स जोन बनाया गया है, मिकी माउस से लेकर स्विमिंग पूल कर सहित अलग-अलग झूले बच्चों को काफी पसंद आ रहे हैं। जोधाणा पब्लिसिटी के दिनेश गौड़ ने बताया कि हर साल होने वाले मेले में एक ही जगह पर बच्चों से लेकर बड़ों तक के झूले लगाए जाते हैं। इसकी वजह से अव्यवस्थाएं भी होती है। कई बार बच्चे गिर भी जाते हैं लेकिन पहली बार हमने पहल करते हुए बच्चों के लिए अलग से स्पेशल किड्स जोन तैयार किया है।

# पेड़ से उल्टा लटकाकर युवक से मारपीट

**▶▶ चोरी के शक में गांववालों ने पकड़ा, धमकाया**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना से जुड़े फोटो-वीडियो सामने आए हैं। इसमें रस्सी के सहारे युवक को नीम के पेड़ से उल्टा लटकाया हुआ है। कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और धमका रहे हैं। कह रहे हैं- कबूल कर बाइक चुराई है। युवक कहता है- मैं बताता हूं, मेरे साथ चलो। वीडियो बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना इलाके के खारवा ग्राम पंचायत के गांव मगा की ढाणी का बताया जा रहा है। घटनाक्रम शुक्रवार का है। वीडियो सामने आने के बाद गुड़ामालानी पुलिस एक्टिव हो गई। अब तक की जांच में सामने आया कि युवक को चोरी के शक में पकड़ा गया था। इसके बाद गांव के लोगों ने युवक को रस्सी से बांधा और लात-घूंसों और डंडों से पीटकर कबूल कराने की कोशिश की कि उसने चोरी की है। चोरी करना कबूल नहीं किया तो युवक को पेड़ से उल्टा लटका दिया। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने कहा- वीडियो संज्ञान में आने के बाद गुड़ामालनी डीएसपी और थाना इंचार्ज को पता लगाने के लिए भेजा है। मारपीट करने वाले लोगों को पता लगाया जा रहा है। कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।



**53 सेकेंड का वीडियो और दो फोटो आए सामने**

सामने आया वीडियो 53 सेकेंड का है। इसके साथ में दो फोटो भी शेयर हो रहे हैं। एक फोटो में युवक के दोनों पैर बांधकर पेड़ से लटकाया हुआ है। वहीं दूसरा फोटो युवा सहित बुजुर्ग लोग खड़े हैं। युवक के पैर बंधे हुए हैं। वीडियो में एक युवक के दोनों पैर बंधे हुए हैं। एक पैर के घुटने के नीचे डंडा फंसाकर बांधा गया। युवक जोर-जोर से चिल्ला रहा है।

# पुलिस ने चलाया 'सड़क सुरक्षा माह' अभियान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**▶▶ बिना नंबरी व काले शीशे लगी गाड़ियों की जांच**

**▶▶ सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक**

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में 'सड़क सुरक्षा माह' कार्यक्रमों के तहत सदर थाना पुलिस ने बिना नंबरी व काले शीशे लगी गाड़ियों की जांच की। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर भी लोगों को जानकारी दी। सदर थाना एएसआई मुकेश बीरा के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस टीम ने बाड़मेर रोड पर बैरिकेड लगाकर गाड़ियों की जांच की। गौरतलब है कि जिले में इन दिनों सड़क सुरक्षा महीना का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान परिवहन विभाग, पुलिस जिले में सड़क सुरक्षा के नियमों कि पालना को लेकर लगातार काम कर रही है। सदर थाना पुलिस ने इस अभियान के तहत शनिवार को बाड़मेर रोड पर चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान कई गाड़ियों के शीशों पर लगी काली फिल्म को उतारा गया साथ बिना नंबरी गाड़ियों के चालान भी बनाए गए। इस दौरान लोगों को हेलमेट पहनने, गाड़ी में सीट बेल्ट लगाने व स्पीड लिमिट में गाड़ी चलाने के लिए भी लोगों को समझाया गया।

## जोधपुर की हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग

**जोधपुर।** जोधपुर के तनावड़ा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, तनावड़ा क्षेत्र की श्रीनाथ हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में अचानक से आग लग गई। जहां आग लगी उसे कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप भी था।

**8 फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

■ आग लगने की सूचना मिलने के बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी जलज घसिया, सहायक अग्निशमन अधिकारी हेमराज शर्मा के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से एक, बासनी से तीन, शास्त्री नगर से दो और नागोरी गेट से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि दमकल कर्मियों की सजगता की वजह से समय पर आग पर काबू पा लिया गया। अन्यथा पेट्रोल पंप होने की वजह से बड़ा हादसा भी हो सकता था।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह को रजिस्ट्रेशन शुरू



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** सेवा भारती समिति जैसलमेर द्वारा द्वितीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह एक मार्च को आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती समिति जैसलमेर के अध्यक्ष हीरालाल साधवानी ने बताया कि हिंदू धर्म में विवाह एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक अनुष्ठान हैं, जिसे पूर्ण करना हर माता-पिता का सपना होता है। इसी को ध्यान में रखकर सेवा भारती द्वारा प्रदेश के हर जिले में सामूहिक वैवाहिक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जैसलमेर जिले की सेवा भारती समिति ने एक मार्च की तिथि निश्चित की हैं। पंजीयन प्रक्रिया आठ जनवरी से प्रारंभ कर दिए गए हैं। सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए 15 फरवरी तक पंजीयन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए कार्यालय आदर्श विद्या मंदिर (भाटिया बगेची के पीछे) में शाम पांच बजे से शाम सात बजे तक संपर्क किया जा सकता है। जैसलमेर जिले के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले कोई भी वैवाहिक अनुष्ठान के इच्छुक पंजीयन करवा सकते हैं।

### 11 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य

समित के दामोदर खत्री ने बताया कि इसका आयोजन 1 मार्च को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होगा। जिसमें हमने 11 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा है। हमारा उद्देश्य गरीब परिवारों की मदद करना है जो शादी-विवाह का खर्च आदि उठाने में सक्षम नहीं है। ऐसे में उनकी मदद भी हो जाती है और एक घर भी बस जाता है। इसका सारा खर्च समिति उठाती है। समिति ने सबको अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा इस कार्यक्रम में अपना पंजीयन करवाए और इस पुनीत कार्य में सहभागी बने।

# उदयपुर में 13 दिन बंद रहेगी सहेलियों की बाड़ी

**गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर व्यवस्था बदली**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर का प्रमुख पर्यटन स्थल सहेलियों की बाड़ी 13 जनवरी से आगामी 13 दिनों के लिए बंद रहेगी। उदयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के कुछ कार्यक्रम यहां होने की वजह से इस स्थान पर कई कार्य किए जा रहे है ऐसे में आमजन के लिए यह बंद रहेगी। उदयपुर में आने वाला टूरिस्ट सहेलियों की बाड़ी में घूमने जरूर आता है। सहेली रोड पर स्थित सहेलियों की बाड़ी में बहुत ही सुंदर कमल के ताल एवं फूल है साथ ही संगमरमर के मंडप और हाथी के आकार के फव्वारे है। यहां का नजारा कुछ अलग ही होता है। यहां आने वाला टूरिस्ट काफी समय बिताता है।

### 13 से 25 जनवरी तक बंद

■ राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अलग-अलग स्थलों पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को देखते हुए इस पर्यटक स्थल को 13 से 25 जनवरी तक पर्यटकों के लिए बंद रखा जाएगा। इसी जगह पर 25 जनवरी की शाम चार बजे एट होम कार्यक्रम प्रस्तावित है और उसी को लेकर यहां तैयारियां की जा रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि इसके मद्देनजर सहेलियों की बाड़ी में सिविल मेन्टीनेंस, विद्युत कार्य तथा उद्यानिकी संबंधी कार्य किए जाने हैं। इसलिए 13 से 25 जनवरी तक सहेलियों की बाड़ी में आमजन एवं पर्यटकों का प्रवेश बंद किया है।

## युवक को व्यापार के बहाने बुलाकर लूटा

**जोधपुर।** पीड़ित की ओर से इसको लेकर सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के सरदारपुरा थाने में एक व्यक्ति ने होटल में नशीला पदार्थ पिलाकर अपहरण करने और अंगूठियां करने सामान चुरा लेने को लेकर मामला दर्ज करवाया है। थाने में शेर सिंह पुत्र सुदन सिंह राजपूत गांव हरियाणा थाना बोरुंदा ने मामला दर्ज करवाया।

# उदयपुर में फिर दिखा लेपर्ड प्रत्यक्षदर्शी बोले-मंदिर जाने घर से निकला था

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर से करीब 78 किलोमीटर दूर कल्याणपुर गांव में शनिवार को सुबह लेपर्ड देखा गया। मंदिर जाने के लिए घर से निकले दिलीप जैन ने बताया- सुबह 7.20 बजे का समय था। अंधेरा छाया था। अचानक सामने से एक बड़ा जानवर जाता दिखा। इधर-उधर देखा लेकिन नजर नहीं आया। मंदिर से आने के बाद घर पर लगे सीसीटीवी से फुटेज देखें तो लेपर्ड नजर आया। वह बीच गांव से गुजरते हुए आगे निकल गया। यह देखकर मन घबरा गया कि भगवान ने जान बचाई। उदयपुर जिले के ऋषभदेव क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में रहने वाले लोग लेपर्ड के कारण दहशत में है। करीब दो हजार की आबादी वाले कल्याणपुर गांव में लेपर्ड को लेकर ऐसा मूवमेंट पहले नहीं देखा गया लेकिन पूर्व में बकरी के शिकार की घटना हुई। जैन ने बताया कि राणावत बस्ती में लेपर्ड दिखा। वह झाला बस्ती की तरफ होकर चला गया। जहां लेपर्ड का मूवमेंट दिखा वहां पास ही बालिका स्कूल भी है। गांव वाले बताते है कि



लेपर्ड जिस तरफ गया, उसी तरफ करकेला धाम के आगे पहाड़ियां और जंगल है। ऐसा मानते है कि लेपर्ड का मूवमेंट वहां रहता होगा।

# व्यापार जगत

# 43% बढ़ा जस्ट डायल का प्रॉफिट

**अंबानी के पास कंपनी के 5.42 करोड़ शेयर**

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह की कंपनी जस्ट डायल लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में लोकल सर्च इंजन कंपनी का नेट प्रॉफिट करीब 43% प्रतिशत बढ़कर 131.31 करोड़ रुपए हो गया है। जस्ट डायल ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका प्रॉफिट 92.01 करोड़ रुपए था।

**रिलायंस का दांव**

जस्ट डायल पर नियंत्रण मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड का है। प्रमोटर्स की कंपनी में 74.15 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 25.85 फीसदी स्टेक है। कंपनी के प्रमोटर रिलायंस रिटेल के पास 5,42,89,574 शेयर या 63.84 फीसदी हिस्सेदारी है।



**शेयर में गिरावट**

जस्ट डायल के शेयर की बात करें तो बीते शुक्रवार को 1034.60 रुपए पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 3.75% टूट गया।

**रिलायंस रिटेल के तिमाही नतीजे**

■ आगामी 16 जनवरी को रिलायंस इंडस्ट्रीज दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी करने वाली है। इस दौरान रिलायंस की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड के दिसंबर तिमाही के नतीजे भी जारी किए जाएंगे। बता दें कि सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की परिचालन आय 3.53 प्रतिशत घटकर 66,502 करोड़ रुपए रह गई।

### कितना राजस्व

दिसंबर तिमाही में जस्ट डायल का परिचालन राजस्व 8.4 प्रतिशत बढ़कर 287.33 करोड़ रुपए हो गया। दिसंबर तिमाही में कुल व्यय 215.57 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही से 1.55 प्रतिशत कम है। तिमाही के दौरान कुल आय 7.3 प्रतिशत बढ़कर 364.74 करोड़ रुपए रही।

### क्या बोली कंपनी

जस्ट डायल ने अपने तिमाही नतीजों में कहा- कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व हासिल किया। इससे डिजिटल सेवाओं में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। जस्ट डायल के मुख्य वृद्धि अधिकारी श्वेतांक दीक्षित ने कहा कि कंपनी का ध्यान परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए राजस्व वृद्धि को तेज करने पर बना हुआ है।

# डॉली खन्ना ने लगाया दो कंपनियों पर दांव



**▶▶ एक साल में 70% का रिटर्न**

**नई दिल्ली।** चर्चित निवेशक डॉली खन्ना ने दिसंबर तिमाही के दौरान अपने पोर्टफोलियो में दो और कंपनियों को जोड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार ये दो कंपनियां इंडियन मेटल & फ़ेरो अलॉय और स्टोव क्राफ्ट है। ये दोनों स्मॉल कैप कंपनियां हैं। आइए जानते हैं कि दिग्गज निवेशक ने अपने दोनों अलग-अलग कंपनियों के कितने शेयर खरीदे हैं? कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार डॉली खन्ना ने इंडियन मेटल & फ़ेरो अलॉय के 6,23,464 शेयर खरीदे हैं। जोकि कंपनी की कुल हिस्सेदारी के 1.16 प्रतिशत के बराबर है। वहीं, उन्होंने स्टोव क्राफ के 3,54,541 शेयर खरीदे हैं। जिसकी वजह से उनकी कंपनी में अब हिस्सेदारी 1.07 प्रतिशत हो गई है।
बता दें, या तो डॉली खन्ना की इन कंपनियों में पहले कोई हिस्सेदारी नहीं थी। या फिर रही होगी तो वह एक प्रतिशत से कम रही होगी।

**मुकुल महावीर अग्रवाल ने लगाया कंपनी पर दांव**

दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल ने भी दांव लगाया है। उनके पास सितंबर तिमाही में कुल 6,00,000 शेयर थे। जोकि दिसंबर तिमाही में घटकर 5,99,128 शेयर हो गए। बता दें, इस कंपनी की सितंबर तिमाही में कुल रेवन्यू 692 करोड़ रुपए रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 693 करोड़ रुपए रहा था। रेवन्यू भले ही मामूली स्तर पर घट गया हो लेकिन प्रॉफिट में इजाफा देखने को मिला है। कंपनी का नेट प्रॉफिट सितंबर तिमाही में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 125 करोड़ रुपए रहा। बीएसई में शुक्रवार को इस कंपनी के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 866 रुपए के लेवल पर बंद हुए थे। कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को एक साल में 70 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। बता दें, स्टोव क्राफ्ट के शेयरों का भाव शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर 839 रुपए के लेवल पर था। बीते एक साल में यह स्टॉक भी 76 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया गिरने से क्या पड़ेगा असर?

**नई दिल्ली।** रुपए में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है। शुक्रवार को यह अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को रुपया 18 पैसे लुढ़क कर पहली बार 86.04 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.86 पर बंद हुआ था। एक लाख रुपए पर 10 लाख का फायदा, 20 रुपए से कम कीमत के इस शेयर ने दिया 1000% रिटर्न, क्या करती है कंपनी? रुपए की कीमत को स्थिर करने के लिए रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का काफी इस्तेमाल कर रहा है। रुपए की मांग स्थिर रहे, इसके लिए रिजर्व बैंक ने डॉलर की सप्लाई बढ़ाई है।

**क्यों गिरी रुपए की वैल्यू**

रुपए की कीमत गिरना कई कारणों पर निर्भर करता है। इनमें ये प्रमुख हैं: विदेशी निवेशकों का पूंजी निकालकर भारत से बाहर जाना। इससे देश की करेंसी रुपए पर दबाव बढ़ गया है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक विदेशों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक धारणा के कारण भी भारतीय मुद्रा पर दबाव पड़ा है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को सत्ता संभालेंगे।

**रुपया गिरने से किसे फायदा?**

अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और रुपया गिरने का सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका समेत उन देशों को होता है जो भारत को चीजें निर्यात करते हैं। चूंकि दुनिया के ज्यादातर देश अमेरिका डॉलर में कारोबार करते हैं। ऐसे में भारत के पास से अमेरिकी डॉलर कम होते जाते हैं। वहीं अमेरिका में जॉब कर भारतीयों को भी इससे फायदा होता है।

# जोमैटो और स्विगी पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया जोमैटो और स्विगी के 10 मिनट वाले नए फूड डिलीवरी ऐप्स के खिलाफ कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) जा सकता है। एनआरएआई फूड डिलीवरी कंपनियों के खिलाफ गंभीरता से कानूनी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सागर दरियानी ने ये बात बताई। जोमैटो की कंपनी ब्लिंकिट ने हाल ही में बिस्ट्रो और स्विगी ने स्नैक नाम से स्टैंडअलोन ऐप लॉन्च किया है। ये दोनों ऐप्स 10 मिनट में खाना डिलीवर करने का काम करते हैं। एनआरएआई का दावा है कि ये कंपनियां इस सर्विस के लिए प्राइवेट लेबल का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उनके रेस्टोरेंट पार्टनर्स को चिंता हो रही है।

**10 मिनट फूड डिलीवरी ऐप के खिलाफ शिकायत की तैयारी**




**▶▶ क्वालिटी पर उठे सवाल**

इन कंपनियों की 10 मिनट में खाना डिलीवरी को लेकर पहले भी सवाल उठे हैं। सबसे बड़ा सवाल क्वालिटी को लेकर रहा है। ऑर्थोपेडिक सर्जन और न्यूट्रीबाइट वेलनेस के को-फाउंडर डा. मनन वोरा ने लिंक्डइन पर लिखा था, '10 मिनट में खाना पहुंचाने के लिए उसे तीन मिनट या उससे कम समय में पकाना होगा। यह तभी मुमकिन है जब अल्ट्रा-प्रोसेस्ड, रेडी-टू-ईट खाना दिया जाए। पहले से पका, फ्रोजन, माइक्रोवेव किया हुआ और फिर डिलीवर किया गया।

**नियमों के उल्लंघन का आरोप**

वाओ मोमो रेस्टोरेंट चेन के को-फाउंडर और सीईओ दारियानी ने कहा, दो फूड डिलीवरी दिग्गजों का अपने खुद के क्विक कॉमर्स मंच के जरिए प्राइवेट लेबल वाला खाना पहुंचाना बाजार के सिद्धांतों का बुनियादी तौर पर उल्लंघन है। दरियानी ने कहा कि हम इस बात से बिल्कुल सहमत नहीं हैं कि जोमैटो और स्विगी निजी लेबलिंग कर रहे हैं और खुद ही भोजन बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोमैटो और स्विगी अपने नेटवर्क डेटा का लाभ उठाकर निजी लेबल वाले भोजन वितरण में सीधे या अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से प्रवेश कर रही हैं। दरियानी ने कहा कि हम 10 मिनट ऐप की सुविधा के खिलाफ नहीं हैं। हम इतना चाहते हैं कि इन कंपनियों को रेस्टोरेंट्स के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

## आपका राशिफल 12 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत:वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। [illegible]



# स्मृति मंधाना के नाम जुड़ा विश्व रिकॉर्ड

## एक दिवसीय खेल में चार हजार रन पूरे

**राजकोट।** शीर्ष क्रम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की पहली सीरीज में आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। मेजबान टीम ने 50 ओवरों में 238/7 रन बनाए थे। जवाब में प्रतिका रावल (89) और तेजल हसब्निस (नाबाद 53) ने मिलकर 116 रनों की साझेदारी करके भारत को 241/4 तक पहुंचाया और मैच 93 गेंद रहते जीत लिया। यह कप्तान स्मृति मंधाना के लिए भी एक ऐतिहासिक रात थी क्योंकि वह महिला क्रिकेट में 4,000 रन के मील के पत्थर तक पहुंचने वाली सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज और कुल मिलाकर तीसरी सबसे तेज खिलाड़ी बन गईं। स्मृति ने 95 खेलों में यह मुकाम हासिल किया।

आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। सलामी बल्लेबाज सारा फोर्ब्स (9) और गैबी लुईस (92) ठोस शुरुआत करते दिख रहे थे, लेकिन पांचवें ओवर में सारा फोर्ब्स तितास साधु के हाथों हार गईं। ऊना रेमंड-होए (5), ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (9) और लौरा डेलानी (0) के विकेट जल्द गिरे और स्कोर 56/4 हो गया। लेह पॉल ने 73 गेंदों पर 59 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने लुईस की पारी का अंत किया। क्रिस्टीना कूल्टर रीली (नाबाद 15) और अर्लीन केली (28) ने स्कोर 238/7 तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना (41) और प्रतीका ने भारत को तेजतर्रार शुरूआत दी। 10वें ओवर में स्मृति (41) आऊट हो गई। हरलीन देयोल (20) और जेमिमा रोड्रिग्स (9) ने स्कोर 119/3 तक पहुंचाया। अंत में तेजल और रावल ने गेम को मेहमानों से छीन लिया। प्रतिका का विकेट लक्ष्य से सिर्फ सात रन पीछे था, इससे पहले ऋचा घोष (नाबाद 8) ने उनकी शुरुआती दो गेंदों पर दो चौकों के साथ खेल समाप्त कर दिया। रावल ने प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के बाद कहा कि मैं (खेलते समय) सहज हूं! इससे (मंधाना के होने से) बहुत मदद मिलती है। मुझे दूसरे छोर से देखने में मजा आता है। इससे मुझे आसानी होती है। हम बस इसे सरल रखने की कोशिश कर रहे थे। हमने वास्तव में अच्छी शुरुआत की। हमने बस अंत में, तेजल ने वास्तव में अच्छा खेला। मैं बस एक समय में एक मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं शॉट्स; अन्यथा, मैं एकल लेना चाहता हूं।

# नीरज भाला फेंक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है।



पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसे वह चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था।

# तमीम इकबाल ने किया संन्यास का ऐलान

## दो साल में दूसरी बार रिटायरमेंट



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्टार सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पिछली बार उन्होंने 2023 वर्ल्ड कप से पहले अचानक संन्यास लेकर हर किसी को चौंका दिया था और अब उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले एक बार फिर अपनी टीम को तगड़ा झटका दिया है। 2023 में जब तमीम ने संन्यास का ऐलान कर दिया था तो उन्होंने बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के हस्तक्षेप के बाद 24 घंटों के अंदर अपने फैसले को पलटा था।

बताया जा रहा है कि तमीम ने बुधवार को सिलहट में बांग्लादेश के चयनकर्ताओं को अपने इस फैसले के बारे में बताया। गाजी अशरफ हुसैन की अगुआई वाली चयन समिति ने उनसे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वापसी करने का आग्रह किया था, लेकिन तमीम ने संन्यास लेने का मन बना चुके थे। हालांकि कप्तान नजमुल हुसैन शंतो सहित उनके कुछ साथियों ने उनसे पुनर्विचार करने को कहा, तमीम ने इस पर विचार करने के लिए एक अतिरिक्त दिन लिया, लेकिन अंततः अपने फैसले पर अड़े रहे। तमीम इकबाल ने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए फेसबुक पर लिखा, "मैं लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हूं। वह दूरी बनी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा अध्याय समाप्त हो चुका है। मैं इस बारे में लंबे समय से सोच रहा था। अब जब चैंपियंस ट्रॉफी जैसा बड़ा टूर्नामेंट होने वाला है, तो मैं किसी के ध्यान का केंद्र नहीं बनना चाहता, जिससे टीम अपना ध्यान भटका सकती है। बेशक, मैं पहले भी ऐसा नहीं चाहता था।" उन्होंने आगे कहा, "कप्तान नजमुल हुसैन शंतो ने ईमानदारी से मुझसे टीम में वापसी करने के लिए कहा। चयन समिति के साथ भी चर्चा हुई। मैं टीम में मुझे शामिल करने के लिए उनका आभारी हूं।

# देवदत्त पडिक्कल ने ऑस्ट्रेलिया से आते ही उगली आग

## विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में ठोका शतक

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया का टिकट इंडिया ए के लिए मिला था, लेकिन रोहित शर्मा की अनुपस्थिति और शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण उनको पर्थ टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिल गया। हालांकि, उस मैच में उनका बल्ला नहीं चला। बाद में रोहित और गिल की वापसी से उनको एक भी मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने को नहीं मिला। हालांकि, अब ऑस्ट्रेलिया से आते ही उनके बल्ले ने आग उगली है। विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में उन्होंने दमदार शतक कर्नाटक की टीम के लिए जड़ा है।



बड़ौदा के खिलाफ वडोदरा के मोती बाग स्टेडियम में विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में देवदत्त पडिक्कल ने मयंक अग्रवाल के साथ ओपन करते हुए 99 गेंदों में 15 चौके और दो छक्कों की मदद से 102 रनों की पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 103.03 का था। उनको राज लिंबानी ने आउट किया। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस टूर्नामेंट में देवदत्त पडिक्कल का औसत 100 से भी ज्यादा का है। यहां तक वे दो दर्जन से ज्यादा पारियां खेल चुके हैं। स्ट्राइक रेट भी उनका 95 के आसपास का है।



# विराट कोहली के रिकॉर्ड के पीछे पड़े यशस्वी

## इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं कारनामा

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट और टी20 टीम में बरकरार हैं। वनडे क्रिकेट में भी वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर आ सकते हैं। कई रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि शायद उन्हें आगामी इंग्लैंड सीरीज में खेलने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से भारतीय टीम टी20 सीरीज खेलेगी, जिसमें यशस्वी जायसवाल बतौर ओपनर खेलते हुए नजर आएंगे। यशस्वी के पास इस सीरीज में सबसे तेज एक हजार रन पूरे करने का मौका होगा।

यशस्वी के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान सबसे तेज एक हजार रन पूरा करने वाला भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका है। बायें हाथ के बल्लेबाज के नाम 23 मैचों में 723 रन हैं। यशस्वी 1000 टी20 रन पूरा करने से सिर्फ 277 रन दूर हैं। अगर वह अगली चार पारियों में इस उपलब्धि को हासिल कर सकते हैं, तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं और सबसे तेज ये कारनामा करने वाले भारतीय बन सकते हैं। अगर वह पांच पारियां लेते हैं तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे।

विराट कोहली ने 27 पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे। भारत के पूर्व कप्तान ने 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया था। केएल राहुल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 29 पारियों में ये कारनामा किया। इंग्लैंड के डेविड मलान ने 24 पारियों (फुल मेंबर टीम) में ये उपलब्धि हासिल की।

यशस्वी जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जून 2024 में टेस्ट डेब्यू किया था। इसके बाद वह टी20 विश्व कप चैंपियन बनी टीम का भी हिस्सा रहे।

## रानी रामपाल को उम्मीद

# भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। कोच रानी ने मीडिया से कहा, 'इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।' भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, ''पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी।'' उन्होंने कहा, 'अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।




# मनोरंजन



# 'आशिकी 3' में सारा कार्तिक के साथ रोमांस करेंगी!

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में काम करने वाले थे। लेकिन हाल ही में खबर आई कि तृप्ति को इस फिल्म से निकाला गया है। अब सबको यही जानना था कि तृप्ति के बाहर होने पर कार्तिक के साथ कौन लीड रोल में होंगी। इमानवी और सारा अली खान का नाम फिल्म की लीड एक्ट्रेस के लिए सामने आ रहा है। सारा और कार्तिक तो साथ में काम कर चुके हैं, लेकिन इमानवी अब प्रभास की फिल्म के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इमानवी डेब्यू से पहले कोई और प्रोजेक्ट नहीं लेना चाहती हैं। भूषण कुमार हालांकि फिल्म के प्रोड्यूसर ने नेगोशिएट कर रहे हैं कि इमानवी को अनुराग बसु की फिल्म में कार्तिक के साथ काम करने दिया जाए। वहीं खबर यह भी है कि दूसरी एक्ट्रेस जिनका नाम सामने आ रहा है वो सारा अली खान हैं जिनके साथ अनुराग फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में काम कर चुके हैं। अगर इमानवी के साथ बात नहीं बनेगी तो मेकर्स सारा को अप्रोच करेंगे। फाइनल फैसला जनवरी के एंड तक ले लिया जाएगा। अगर सारा अली खान को फाइनल कर लिया जाएगा तो सारा और कार्तिक का रीयूनियन होगा। दोनों साथ में फिल्म 'लव आज कल' में काम कर चुके हैं। फिल्म हालांकि बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि फिल्म 'एनिमल' में बोल्ड सीन की वजह से तृप्ति को 'आशिकी 3' से हटाया गया क्योंकि इस फिल्म में उन्हें ऐसी एक्ट्रेस चाहिए जिसमें मासूमियत दिखे।





# शिल्पा की वजह से ट्रोल हुए बिग बॉस

सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले में अब बस कुछ ही हफ्ते बाकी रह गए हैं। हर कंटेस्टेंट जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा रहा है लेकिन इसी बीच कुछ ऐसे कंटेस्टेंट एविक्ट हुए हैं जिन्हें बाहर किया जाना लोगों को रास नहीं आया। एक वक्त पर सलमान खान के साथ काम कर चुकीं शिल्पा शिरोदकर बिग बॉस हाउस में अभी तक टिकी हुई हैं और यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है। क्योंकि शिल्पा से पहले ऐसे खिलाड़ी बाहर किए जा चुके हैं जिनका बिग बॉस हाउस में उनके कहीं ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूशन रहा है। चाहत और श्रुतिका को बिग बॉस हाउस से बाहर किए जाने के बारे में लोगों ने सोशल मीडिया पर बेहिसाब कमेंट किए हैं। सोशल मीडिया पर बिग बॉस से जुड़ी खबरें पोस्ट करने वाले X हैंडल खबरी ने अपनी एक पोस्ट में लिखा, "फिर एक बार नेपोटिज्म की जीत हो गई। शिल्पा शिरोदकर डिजर्विंग खिलाड़ियों की पोजिशन खा गई क्योंकि क्रिएटिव टीम किसी भी सूरत में उसे टॉप 5 में लेकर आना चाहती है।" वहीं सोशल मीडिया पर हर सीजन के अपडेट और सर्वे जारी करते रहने वाले X हैंडल बिग बॉस तक ने अपनी एक पोस्ट में लिखा, "श्रुतिका अर्जुन और चाहत पांडे इस सीजन की सबसे स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट थीं, लेकिन बिग बॉस ने बहुत गलत तरीके से उन्हें नॉमिनेट करवाया और दोनों ही अब बाहर हो चुकी हैं। जबकि शिल्पा और ईशा, जिन्हें फिनाले वीक तक आने का कोई हक नहीं था, वो अभी भी शो में बनी हुई हैं, वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि वो चैनल की फेवरिट हैं।"



# हिना खान ने बताया अपना दर्द

हिना खान ने पिछले साल सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है। हिना ने तबसे लेकर अब तक सोशल मीडिया पर हमेशा फैंस को मोटिवेट किया है, लेकिन उन्होंने कभी खुद को सबके सामने कमजोर नहीं होने दिया। हिना ने गलाटा इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मेरी स्टोरी अभी तो आई भी नहीं है। मैंने तो बस अपनी जर्नी का छोटा किस्सा बताया है। मुझे कई चीजों पर बात करनी है, काफी एक्सरीरियंस शेयर करना है। मैं करूंगी जल्द पता नहीं कब, लेकिन करूंगी जरूर। मैंने जो सोशल मीडिया पर शेयर किया है वो तो सिर्फ पांच प्रतिशत है, सिर्फ पांच प्रतिशत का जो भी मेरा सहा उसका। लेकिन सही समय पर।' हिना से जब पूछा गया कि उन्हें इतनी ताकत कैसे मिली तो उन्होंने कहा, 'पता नहीं कहां से ताकत आई, लेकिन शायद प्यार के जरिए जो मुझे मिला। मैंने अपनी पूरी जर्नी में पेशंट की तरह बिहेव नहीं किया। मेरी मां हैं घर में जो मुझपर डिपेंडेंट हैं। उन्हें जबसे मेरे कैंसर के बारे में पता चला वह खुद काफी बीमार होने लगीं। लेकिन कई बार मुझे प्रीटेंड करने पर बॉयफ्रेंड रॉकी से डांट पड़ी है कि क्यों दिखावा कर रही हो ठीक करने का। रोना है तो रो। कई बार ऐसा हुआ कि मुझे रोने का मन कर रहा था, लेकिन मेरी मां की वजह से मैंने नहीं किया। लेकिन मेरे प्रिटेंड से मेरे परिवार की परेशानी नहीं बढ़ी।'

# प्रभास जल्द बनेंगे दूल्हा, 'राजा साब' के घर जल्द बजने वाली है शहनाई!



साउथ सुपरस्टार और बाहुबली फेम प्रभास आज पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुके हैं। अपने करियर में प्रभास ने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन प्रभास के फैंस उनकी शादी को लेकर बीते लंबे वक्त से काफी उत्साहित हैं। 45 साल के प्रभास फिल्म इंडस्ट्री के मोस्ट एलिजिबल बैचलर्स में से एक हैं। हर कोई जानना चाहता है कि प्रभास के सिर पर सेहरा कब बंधेगा। लेकिन अब प्रभास के फैंस के लिए अच्छी खबर आ रही है। एक्टर के घर जल्द ही शहनाई बजने वाली है। हाल ही में राम चरण अपनी हालिया रिलीज फिल्म गेम चेंजर को प्रमोट करने के लिए 'एनबीके सीजन 4' में आए थे। इस शो को नंदमुरी बालकृष्ण होस्ट कर रहे हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, इसी दौरान राम चरण ने 'एनबीके सीजन 4 ' के होस्ट नंदमुरी बालकृष्ण से बात करते हुए शो में प्रभास की शादी के बारे में हिंट दिया। साथ ही इस बात का भी पता चला कि वो आंध्र प्रदेश के गणपावरम की एक लड़की से शादी करने वाले हैं। बस इसी के बाद से ही प्रभास की शादी की खबर चर्चा में आ गई है। इसी के बाद ही ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजय बालन ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एक ऐसा पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने प्रभास का नाम लिखा है। इसके साथ ही एक घर बना है और एक दुल्हन की इमोजी बनी है, जो इस बात की तरफ इशारा कर रही है कि प्रभास शादी करने वाले हैं। बता दें कि इससे पहले प्रभास की मौसी श्यामला देवी ने भी प्रभास की शादी की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था कि वो जल्द ही शादी करेंगे। हालांकि, अभी तक उन्होंने शादी की तारीख और दुल्हन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया।

# जब आधी रात में बेघर हो गई थीं नीना गुप्ता...



बॉलीवुड एक्ट्रेस नीना गुप्ता उन हिरोइनों में से हैं जो बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। नीना एक सफल एक्ट्रेस हैं, लेकिन नीना गुप्ता ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे एक बार उनके पास कोई पैसे नहीं थे और वो आधी रात में सड़क पर आ गई थीं। नीना गुप्ता ने बताया कि वो अपनी आंटी के साथ रह रही थीं, लेकिन एक रात उनकी आंटी ने उन्हें घर से निकाल दिया। उस वक्त नीना गुप्ता की बेटी मसाबा बहुत छोटी थीं।

नीना गुप्ता 1980 की शुरुआत में दिल्ली से मुंबई आ गई थीं। कुछ वक्त वो शेयरिंग अपार्टमेंट में रहीं और इसके बाद उन्होंने अपना फ्लैट खरीदा। बातचीत में नीना गुप्ता ने बताया कि उसके बाद से वो एक के बाद एक फ्लैट्स बदलती रहीं। नीना ने कहा कि जैसे ही उनके पास ज्यादा पैसा आता था, वो अपना पुराना अपार्टमेंट बेच देती थीं और उन पैसों में और पैसा डालकर नया अपार्टमेंट खरीद लेती थीं। नीना गुप्ता ने बताया कि इस दौरान एक वक्त ऐसा आया जब उन्होंने अपना पुराना अपार्टमेंट बेच दिया और नए अपार्टमेंट में शिफ्ट होने में टाइम था। उस दौरान वो अपनी एक आंटी के साथ रहने गई थीं। नीना ने बताया कि उन्होंने एक थ्री बीएचके अपार्टमेंट बुक किया था। अपना पुराना अपार्टमेंट उन्होंने बेच दिया था और सारा पैसा नए घर में लगा दिया था, तो उनके पास कोई पैसा नहीं बचा था। जब ये प्रोसेस चल रहा था तो वो अपनी आंटी और अंकल के साथ शिफ्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि एक दिन उनकी आंटी ने उन्हें आधी रात में घर से धक्के मारकर निकाल दिया था। उनकी गोदी में मसाबा थी। नीना ने बताया कि उनके पास पैसे नहीं थे इस वजह से वो बेघर हो गई थीं। उन्होंने कहा, "मेरे पास कोई पैसे नहीं बचे थे। एक रात ऐसी आई जब मैं अपने बच्चे के साथ कहीं भी नहीं जा सकती थी।" इसके बाद नीना के अंकल का मन बदला और उन्होंने नीना को अपने दूसरे फ्लैट की चाबी दी, जहां कोई नहीं रहता था।

जिलेभर में हुए कई आयोजन

# अयोध्या में राम मंदिर स्थापना के उपलक्ष्य में उत्साह से मनाया प्रथम वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में अयोध्या में भगवान राम मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं की ओर से उत्साह के साथ वर्षगांठ मनाई गई। जगह-जगह धार्मिक आयोजन हुए एवं शोभायात्रा निकाल भगवान राम के प्रति आस्था व्यक्त की गई।

**देसूरी।** राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कस्बे में श्रद्धालुओं की ओर से भगवान राम की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सवेरे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सर्व हिन्दू समुदाय की सहभागिता रही। महिलाओं व किशोरियों ने बस स्टैंड स्थित हनुमान मन्दिर से कलश यात्रा निकाली। कलश व शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमान मन्दिर पहुंच विसर्जित हुई। इस दौरान विहिप के जगदीश सोनी, श्रवण सिसोदिया, पुष्पेन्द्र सोनी, अरविंद सिसोदिया, राजेन्द्र छीपा, दिलखुश सोनी, सुभाष सोनी, प्रकाश सिसोदिया, भोमसिंह राठौड़, मुकेश सुथार, चंद्रप्रकाश पुरी, नृसिंहदास, चिराग सिसोदिया, अशोक दवे, मोतीलाल माली, बाबूलाल सुथार, भवरलाल सुथार, हरिओमपुरी गोस्वामी, रमेश मालवीय समेत कई लोग मौजूद थे।

**बाली।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सर्व हिंदू समाज की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी सुभाष बस्ती से शुरू हुई जो पूरे बाली नगर व रड़ावा में भ्रमण कर सुभाष बस्ती पहुंच विसर्जित हुई। कार्यं म में डीजे, ढोल, रथों का समावेश रहा। रथ में भगवान राम, हनुमानजी की प्रतिमा रखी गई। पूरा कस्बा भगवान राम के जयकारों से गूंजता रहा। इस उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर सुभाष बस्ती में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमानजी व भगवान राम की आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यं म में सह संघ चालक पकाराम चौधरी, विहिप जिलाध्यक्ष वनाराम चौधरी, नरेन्द्र परमार, ओटाराम चौधरी, लखमाराम परमार, विहिप सह मंत्री रतनपुरी, थानसिंह राव, नगर अध्यक्ष सुरेश कंसारा, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोहरसिंह राव उपस्थित रहे। कार्यं म को सफल बनाने में महेश ओझा, हरीश घांची, थानाराम घांची, कैलाश कंसारा, ओंकार भारती, जगदीशपुरी, कानाराम घांची, संपतपुरी, मोहन प्रजापत, रूपाराम प्रजापत, शैतानपुरी, जगदीश सोनी, अचलसिंह राव, प्रवीण प्रजापत, अमित देवगन, नीरज गर्ग, करणसिंह सिसोदिया, जगदीश देवासी, अमित राजपुरोहित, लक्ष्मण राजपुरोहित, विं म प्रजापत, गोरधनसिंह राव, हितेश माली, जितेंद्र देवासी, जसराम चौधरी, अरुण चौधरी, नरेश वर्मा, भरत गोस्वामी, घनश्याम सोनी, श्रीपाल बाफना, कैलाश टेलर, विजय परिहार, भावेश वैष्णव, गोविंदपुरी, सीताबाई, संतोषपुरी, दुर्गाबाई, शारदाबाई, डूंगरपुरी, मथुरा देवासी आदि का सहयोग रहा।



**नारलाई।** कस्बे में शनिवार सुबह राम मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में वाहननुमा रथ पर भगवान राम, हनुमानजी की प्रतिमा रखी गई। भगवान राम के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने रोमांचित करतब दिखाए। कार्यं म को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद दल के तत्वावधान में देसूरी प्रखंड गजेन्द्र वैष्णव, मनोज व्यास सेवा प्रमुख, लालाराम सिरवी गोरक्षक प्रखंड देसूरी, दलपत सिरवी संयोजक, मुकेश कुमार सहसंयोजक नारलाई, मनोहरसिंह चौहान, मंगलदास वैष्णव, ओमपालसिंह राणावत, मदनलाल राठौड़, कपिलपुरी, अजयपुरी सहित सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।





## रॉयल स्टार ने जीती रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के पावा में चल रही तीन दिवसीय रात्रिकालीन बालाजी कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुं वार रात को खेला गया, जिसमें रॉयल स्टार पावा विजेता रहा। फाइनल मैच रॉयल स्टार पावा व लानेरा टीम के बीच खेला गया। जिसमें पावा ने लानेरा को 2 अंकों से हराकर फाइनल खिताब अपने नाम किया। आयोजक अर्जुन सीरवी ने बताया कि बालाजी कबड्डी क्लब द्वारा तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता रॉयल स्टार पावा व उपविजेता लानेरा रही। प्रतियोगिता के बेस्ट रेडर अर्जुन सीरवी व बेस्ट डिफेंडर समंदर बंजारा रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक श्रवणराम जाट व पृथ्वीराज जाणी ने निभाई। प्रतियोगियों का मंच संचालन महेंद्र प्रजापत ने किया। इस मौके पर भामाशाह भरतसिंह जोधा, गजेंद्रसिंह जोधा, बधाराम चौधरी, शेषाराम चौधरी, उत्तम सैन, रोहिताश मीणा, सुरेश सुथार मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों को सुविधा मुहैया करवाने प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** खिलाड़ियों को मैदान एवं संसाधन उपलब्ध करवाने को लेकर समाजसेवी देवेन्द्र सिसोदिया ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं 'ीड़ा परिषद सचिव राजेंद्रसिंह से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सुमेरपुर की खेल प्रतिभाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं हैं। जिला मुख्यालय भी सुमेरपुर उपखंड से 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ऐसे में सुमेरपुर के खिलाड़ियों के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए एवं खेल संसाधनों की पूर्ति की जाए ताकि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी अच्छे तरीके से प्राप्त हो ओर क्षेत्र प्रतिभाएं जिला स्तर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दे सके। इस मौके पर राजेंद्र सिंह जाखोड़ा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह बिरौलिया, विशाल वैष्णव, रमेश सिंह कंवला आदि मौजूद थे।

## घर के बाहर खड़ी स्कूटी को ज्वलनशील पदार्थ डाल जलाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के बाईपास रोड मदारियों की कॉलोनी के सामने स्थित मीणों का वास में शुं वार रात घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी पर किसी अज्ञात ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी।



पुलिस के अनुसार पीड़ित दलीचंद पुत्र चमनाराम खंडेलवाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि हमेशा की तरह 10 जनवरी की रात घर के बाहर स्कूटी के लॉक लगाकर सोने चला गया। रात में किसी अज्ञात ने स्कूटी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। सुबह करीब साढ़े 5 बजे उठा व देखा कि स्कूटी जल रही थी। उसने व परिवार वालों ने जलती हुई स्कूटी को बुझाया लेकिन तब तक पूरी जल चुकी थी। मौके पर माचिस की डिब्बी मिली हैं। स्कूटी जलाने से करीब 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ हैं। उन्होंने बताया कि मेरी गली में रास्ते में कैमरे लगे हुए है, जिसकी जांच कर आरोपी की पहचान की जा सकती हैं। ताकि मकान के आस-पास काफी रहवासीय मकान आए हुए हैं। काफी परिवारों के वाहन बाहर खड़े रहते हैं, जिससे उक्त घटना की पुनरावर्ति नहीं हो सकें।

## नेत्र चिकित्सा फॉलोअप शिविर में की आंखों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** लॉयंस क्लब सुमेरपुर जवाई की ओर से गत रविवार को आयोजित 24वें नेत्र चिकित्सा शिविर का फॉलोअप कैंप शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए मरीजों के आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर दिवंगत कानराज अग्रवाल की स्मृति में जौहरीलाल मोतीलाल सियाना परिवार द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर जगदीश अग्रवाल की ओर से सभी मरीजों को थैले व कम्बल वितरित किए गए। इस दौरान क्लब प्रशासक एवं प्रांतीय कॉर्डिनेटर मार्केटिंग श्रवण राठी, एमजेएफ सुरेश सिंघल, दिनेश अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सचिव मितेश गोयल और कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को वितरित किए 266 स्वेटर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** निकटवर्ती कोठार स्थित राउमावि में कक्षा पहली से 12वीं तक के 266 विद्यार्थियों को भामाशाह श्रीमती धरमीबाई पत्नी बाबराराम रेबारी पुत्र (लालाराम रेबारी) की ओर से स्वेटर वितरित किए गए। उप प्रधानाचार्य पियूषकुमार के अनुसार इस मौके पर समाजसेवी थानाराम प्रजापत, प्रतापसिंह चौहान, लालाराम रेबारी, कमलेशकुमार, सुरेशकुमार, प्रवीणकुमार, महेद्रकुमार, देवाराम, भलाराम देवासी, छगनलाल देवासी भी मौजूद थे।



## स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सेमिनार आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** अक्षर ब्रह्म हॉलिस्टिक योग एवं आयुर्वेद शोध संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में आयुष, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जोधपुर संभाग के प्रतिभागी भाग लेंगे। संस्थान के अध्यक्ष अजयपाल सिंह धनला ने बताया कि जोधपुर संभाग भर से आने वाले प्रतिभागी जिन्होंने वर्ष भर आयुष, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान एवं कार्य किया हैं उनका चयन कोटा खुला विश्वविद्यालय के योग, आयुष एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के काउंसलरों द्वारा किया जाएगा और चयनित 5 प्रतिभागियों को आयुष रत्न 2024 से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही संभाग से आए हुए समस्त प्रतिभागियों को संस्थान द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के सदस्य, योग शिक्षक, आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर ने बताया कि यह सेमिनार स्वामी विवेकानंद केंद्र गीता भवन जोधपुर में आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें सुमेरपुर क्षेत्र से भी योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुष से जुड़े हुए प्रतिभागी भाग लेंगे। इस सेमिनार में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश व संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही योग आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला होगी। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचार-प्रसार करना हैं। कार्यकर्म मे कोटा खुला विश्वविद्यालय व जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के आयुष, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के काउंसलर भाग लेंगे। कार्यं म को सफल बनाने में सस्थां के योगा आचार्य प्रेमरत्न सोतनीवाल, योगाचार्य, राजेश कुमार, प्रतिमा रतनानी, अलीशा सोलंकी, विवेकानंद केंद्र के कार्यकर्ता एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

## गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने करेंगे आंदोलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** घाणेराव पंचायत के अधीन गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इसे लेकर गुड़ा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी व संग्राम नाडी क्षेत्र में बैठकों का दौर लगातार जारी है। आंदोलन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पंचायतों में प्रशासक लगाने के बाद ग्रामीण अपनी मांग को लेकर देसूरी उपखंड मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। इसे लेकर रूपरेखा तैयार कर ग्रामीणों को अलग-अलग जिमेदारी दी गई। राज्य सरकार की ओर से पंचायतों का पुनर्गठन किया जा रहा है। ऐसे में गुडा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी, खरणी टेकरी की आबादी को देखते हुए गुड़ा भोपसिंह के रूप में नई पंचायत का गठन किया जा सकता है। शनिदेवा सेवा समिति घाणेराव की ओर से गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने का मुद्दा उठाकर ग्रामीणों का जागरूक किया गया। जिसके बाद से ग्रामीणों की ओर लगातार बैठक कर गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा देने की मांग उठाई जा रही है। ग्रामीण इसके लिए बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है।

## लक्ष्मीनारायण धाम बारवा में पूर्णिमा महोत्सव कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** आत्मधाम सेवा समिति अध्यक्ष अर्जुनसिंह तिंवरी सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी के सानिध्य में आत्मधाम गुरू मंदिर महातीर्थ लक्ष्मीनारायण धाम बारवा में भव्य पूर्णिमा महोत्सव सोमवार को आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित बारवा के अनुसार महोत्सव के दौरान ध्वजारोहण, महाआरती एवं महाप्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक कार्यं म के लाभार्थी भामाशाह आत्मधाम सेवा समिति सचिव कैलाशसिंह पुत्र शंकरसिंह गुन्देचा वडेर परिवार बारवा होंगे। कार्यं म को लेकर काफी उत्साह है। समस्त राजपुरोहित समाज से स्थानीय एवं प्रवासी बंधु आत्मधाम दर्शनार्थ के लिए बारवा आ रहे हैं।



## विद्यार्थियों को दी विधिक जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली के तत्वावधान में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विक्रमसिंह भाटी (अपर जिला न्यायाधीश) के मार्गदर्शन में शनिवार को माणक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुड़ा एंदला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएलवी पारस थानवी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाना है। उन्होंने नियमों की जानकारी देते हुए सभी से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने एवं नशे में वाहन नहीं चलाने व जरुरी दस्तावेज साथ रखने की सलाह दी। हादसे में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री जीवन रक्षा योजना के तहत राज्य सरकार की तरफ से दस हजार रुपए व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किए जाने की जानकारी दी।



उन्होंने इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, निःशुल्क विधिक सहायता, निःशक्तता प्रमाण पत्र, मध्यस्थता, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, नालसा पोर्टल व हेल्पलाइन नंबरख नशे की रोकथाम अभियान, निःशुल्क विधिक सहायता आदि से अवगत करवाया। बालिका शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सम्बंध में जागरूक किया। प्रधानाचार्य उम्मेदराम बोस ने शिक्षा विभाग की योजनाओं, सड़क सुरक्षा माह और विद्यालय में संचालित सह शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मुकेश परिहार, शिक्षक उदाराम बोस, जितेन्द्र देवपाल, विजयकुमार, मोहनलाल, शिक्षिका ममता चौधरी, शारीरिक शिक्षक मनोज भटनागर भी मौजूद थे। पर्यावरण संरक्षण को शपथ ली गई। लोक अदालत के संबंध में पेम्फलेट वितरित किए।

## धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

उत्सव प्रभारी सुरेश भाटी ने बताया कि कार्यं म का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रोत्साहित करना था। मुख्य अतिथि थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित संयम, अनुशासन और मेहनत को जीवन का मूलमंत्र बताया। उन्होंने जीवन में सफलता पाने के लिए सकारात्मक सोच और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंकुश माथुर ने विज्ञान वर्ग के छात्रों को करियर निर्माण और विज्ञान के क्षेत्र में सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने और लगातार सीखने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य श्रवणलाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यं म के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्याता राजूराम पटेल ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों और सेवाओं में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन ने छात्रों में नए जोश और उत्साह का संचार किया। कार्यं म में महेंद्रसिंह जैतावत, किरण भटनागर, मनोजकुमार, गौतमचंद मेवाड़ा, वरिष्ठ शिक्षक नरहरी मीना, ललित चौहान, चतुर्भुज वर्मा, प्रकाश देपावत, अशोक मीणा, निर्मल भाटी, लक्ष्मण बॉस, अशोक कछवाहा, दीपक व्यास, संदीपकुमार, निकुल मेवाड़ा व भंवरलाल देवासी सहित कई लोग मौजूद थे।




## विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के प्रयासों से 42 सड़कों के निर्माण के लिए 23 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। इन सड़कों में फालना रानी नाडोल सड़क चौड़ाइकरण, बाली से न्यू बिरोलिया स्टेशन वाया बेडल सड़क, नाडोल से घेनडी वाया निप्पल सड़क, देसूरी से रानी वाया गिराली सड़क, बाली फालना सादड़ी से बाइपास 29 किलोमीटर सड़क निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही नाणा पिंडवाड़ा वाया सेरावा सड़क चौड़ाइकरण व सीसी सड़क, फालना सुमेरपुर सड़क, फालना बेडल पेरवा सड़क, बाली दांतीवाड़ा पांचलवाडा, शिवतलाव से डूंगरली सड़क, भीमाणा से साईबांध सड़क, दानवर्ली से भीमाणा सड़क, करणवा से सोनवा बांध सड़क, सेंनदला से विरमपुरा सड़क, बोया से सेसलि सड़क, मुंडारा से लाटाडा सड़क, जूना बेड़ा संपर्क सड़क, सेरावा सम्पर्क सड़क, खिमेल धनी खुडाला सड़क, सेवाड़ी से गोशाला मंदिर सड़क, सादड़ी से परशुराम महादेव सड़क, जेतपुरा खोड़ से नाडोल सड़क, देसूरी रेस्ट हाउस सम्पर्क सड़क, आणा से गुडा पाटियान, गुडा पाटियान संपर्क सड़क, गिराली से धानदा सड़क, सम्पर्क सड़क गुडा मंगलियान मामाजी मंदिर, मांडीगढ़ से गुडा जाटान, गुप्तेश्वर महादेव सम्पर्क सड़क, गुडा भोपसिंह सम्पर्क सड़क, बड़ोद उन्द्रथल सम्पर्क सड़क, आना से घाणेराव सड़क, माडपुर डायलाना कला सड़क, नारलाई से ढेलडी सड़क, आना से करणवा सड़क, शोभावस सम्पर्क सड़क, ढालोप से उन्द्रस्थल सम्पर्क सड़क, भीमाना से उपला भीमाना सड़क, सोकड़ा सम्पर्क सड़क, बेडा से मोरी सड़क, मुंडारा से लाताड़ा सड़क, बेड़ा से अनपूर्णा सड़क निर्माण, बीजापुर गोरिया सड़क, चामुंडेरी से लुन्दाड़ा सड़क, कोट सादलवा टिपरी सड़क, बारवा से लुणावा सड़क, बाली से लुणावा सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है। साथ ही बिफरजोय तूफान से क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों के दुरुस्तीकरण के लिए भी स्वीकृति दी गई है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष का गर्मजोशी से किया स्वागत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष चिराग रावल का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्रसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ताराराम माली, नारायण देवासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबू लाल सगरवंशी, भूबाराम माली, महिपाल चारण, लोकेश खंडेलवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता दमयंती डाबी, मनी देवी, गीता पुरोहित आदि ने मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष रावल ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। प्रकाश पटेल, रामलाल परिहार, राजेंद्रसिंह चौहान, कैलाश मेघवाल, बाबूसिंह मकरोड़ा, ललित प्रजापत, इंदरसिंह मकवाना, रामेश्वर कंसारा, रणछोड़ प्रजापत, शंकरसिंह परिहार, गोविंदसिंह बारठ, मदन सेन, मानिकचंद सोनी, खेताराम माली, रमजान खान एवं विकास रावल मौजूद थे।

**मंडार।** मंडार में परमहंस बाबा कुटिया परिसर में शनिवार को पूर्व विधायक जगसीराम कोली व जिला उपाध्यक्ष कालूराम चौधरी के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कियास गया। जिसमें मंडार मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी का स्वागत किया। पूर्व विधायक कोली ने चौधरी को बधाई देते हुए पार्टी को मजबूत करने एवं सभी को साथ लेकर सक्रियता से पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। चंदनसिंह परिहार, वरमाण पूर्व सरपंच वगताराम चौधरी, महेश कुमार अग्रवाल, अजय कुमार टांक, हमीर देवासी, गणपतसिंह देवड़ा, अर्जुनसिंह देवल, नगाराम चौधरी, कैलाश कुमार जोशी, वरदाराम कोली मौजूद रहे।



**आबूरोड।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में विष्णु धर्मशाला में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने कहा कि सभी के साथ साथ से पार्टी मजबूत करना है। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने कहा कि सत्ता और संगठन मिलकर शहर के विकास कार्यों करेंगे। मंडल अध्यक्ष सिंघल ने कहा कि संगठन के विश्वास पर खरा उतरेंगे। पार्टी को हमेशा आगे बढ़ने का काम करेंगे। नेमीचंद अग्रवाल, बाबूभाई पटेल, प्रवीण राठौड़, पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया। पार्षद रितेशसिंह, दीपक कुमार, अमरसिंह, अर्जुनसिंह, राजेंद्र प्रसाद, राकेश अग्रवाल, मनसुख प्रजापत, मनीष लखारा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



## घायल पक्षियों की मदद को पोस्टर का विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शिवसेना की ओर से डाक बंगले मे घायल पक्षियों की सूचना की हेल्पलाइन के पोस्टर का विमोचन किया गया। मकर संक्रांति पर पतंग की डोरी में पक्षी उलझ जाते हैं। जिससे वह घायल हो जाते हैं। कई बार पक्षी मर जाते हैं। पक्षियों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए। साथ ही पोस्टर का विमोचन किया गया। शहर प्रमुख लालाराम खारवाल, डॉ. सांवरिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष नरगिस कायमखानी, जितेंद्र परिहार, दीपेश मरडिया, जितेंद्र वैष्णव, गोविंद अग्रवाल, सागर अग्रवाल, प्रवीण वैष्णव, नवीन सांखला, रमेश वैष्णव, नरेश लोधी, सूरज जोगी, बाबू जोगी, गोपाल, सरवन, गोविंद बंजारा, गोपी कीर, कपिल भंभानी आदि मौजूद थे।

## डीआरएम ने किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के डीआरएम राजीव ने रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरएम ओसी कोच से आबूरोड पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यात्री प्रतीक्षालयसमेत विभिन्न कार्यालय कक्षों का निरीक्षण किया। मातहत अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेकर दिशा निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक,सीएमआई समेत रेलवे के स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीआरएम का रेलवे वेंडर एसोसिएशन द्वारा एसी वेटिंग होल में स्वागत किया गया। योगेश सिंघल ने माल्यार्पण व साफा पहनाकर बहुमान किया। सीएमआई, स्टेशन अधीक्षक का भी अभिनंदन किया गया। भागचंद, प्रशांत जैन, नरेश, हीरू, वासुदेव, भूपेश आदि मौजूद थे।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** कस्बे में शुक्रवार शाम को राह चलते युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया।

पुलिस के अनुसार वेलांगरी निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र प्रकाश कुमार वागरी कालन्द्री के एक स्टील की दुकान में काम करता था। शुक्रवार शाम को वह कालन्द्री स्थित उसके ससूराल जा रहा था। रास्ते में अज्ञात पिकअप चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर हैड कांस्टेबल तुलसाराम मय जाब्ता मौके पर पहुंचे तथा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिरोही रैफर किया। जहां महेन्द्र ने उपचार के दौरान दमतोड़ा। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। मृतक के पिता प्रकाश कुमार वागरी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया। प्रकाश कुमार ने बताया कि मृतक महेंद्र कुमार उसके परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। जिसकी दो माह पूर्व ही कालंद्री में शादी हुई थी। परिवार में उसके एक बहन भी है। महेन्द्र कुमार अपने ससुराल में ही रहता था।

## अध्यक्ष राव का किया स्वागत

**बाली।** भाजपा के बाली मंडल अध्यक्ष बनने पर राव मनोहरसिंह का कार्यकर्ताओं की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रताप चौक के गणेश द्वार पर गणेश नवयुवक मंडल द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान कई शुभचिंतक मौजूद थे।



# करिअर डे के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** स्वामीनारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय में विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्था सचिव जिग्नेश पटेल व प्रधानाचार्य राकेश व्यास के सानिध्य में विवेकानंद जयंती को कैरियर डे के रूप में मनाया गया। संस्था सचिव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने युवा दिवस को कैरियर डे के रूप में मनाते हुए करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। शारीरिक शिक्षक किशोर कुमार ने विद्यार्थियों को ध्यान व योग का अभ्यास कराया। सेंट पॉल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंत युवा दिवस के रुप में मनाई गई। विद्यार्थियों ने युवा हस्तियों के रोल मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने स्वामी जी के प्रेरणास्पद विचारों को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य वीके चौबीसा ने विचार व्यक्त किए। संस्था के अध्यक्ष बन्नालाल जाट, निदेशक सांवरमल जाट, प्रशासनिक अध्यक्ष श्रीमती सरिता जाट ने शुभकामनाएं दी। उधर, एससीजीएमसी में विवेकानंद जयंती के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य ट्रस्टी हरीश गुप्ता, ट्रस्टी श्रीमती मीना गुप्ता, ट्रस्ट सचिव मनीष जैन, प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने आगाज किया।







**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस करियर डे के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सुबोधसिंह चारण, उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, भाजपा युवा मंडल उपाध्यक्ष निर्मल कोली, जितेन्द्र जोशी एवं प्रधानाचार्य केशरसिंह राव ने किया। मुख्य अतिथि चारण ने रोजगार के विभिन्न अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। डीएसपी गुप्ता ने साइबर अपराध व सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया। निबंध प्रतियोगिता में रमेश कुमार, नवीन कुमार तथा नरेन्द्र कुमार। चार्ट प्रतियोगिता में निराली सुथार, प्रिंस प्रजापति तथा शिवाराम क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। वेशभुषा प्रतियोगिता में खेतपालसिंह व खुशवीर सिंह ने भाग लिया।

## बैठक में की समाज हितों पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा और राजस्थान किसान सभा की संयुक्त बैठक बड़गांव तहसील के नादिया में आयोजित की गई। अध्यक्षता नोजीराम भील, मुख्य अतिथि एडवोकेट सुरेश मीणा, विशिष्ट अतिथि कैलाश गहलोत ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने, शिक्षा के क्षेत्र में प्रसार प्रचार करने, राशन वितरण प्रणाली में सुधार, नरेगा में भेदभाव खत्म करने, काले कानून वापस लेने एवं आदिवासियों को पट्टे जारी करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। आदिवासी महासभा की सर्व समिति से तहसील कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नेहरू भील, उपाध्यक्ष शंकरलाल भील, शिवराम भील, सचिव इंद्रलाल भील, सह सचिव नोजीराम भील, संगठन मंत्री देवीलाल भील एवं 11 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मूंगथला पीएमश्री विद्यालय में दो दिवसीय कलस्टर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलस्टर परिक्षेत्र में आने वाले भाषा व गणित के शिक्षकों ने भाग लिया गया। एफएलएन से जुड़ी गणित व भाषा की गतिविधियों, कार्यपत्रकों व शिक्षण योजना पर कार्य किया गया। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से हिन्दी में अतिश व्यास व गणित में गौरव त्यागी संदर्भ व्यक्ति की भूमिका में रहे। विद्यालय से संतोष गर्ग, अध्यापिका व नीता सोनी, अध्यापिका ने कलस्टर कार्यशाला के सफल संचालन की व्यवस्था में सहयोग किया।

## तेजस उपाध्याय के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के विधि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. डीके उपाध्याय के पुत्र तेजस उपाध्याय के असामयिक निधन से विवि परिवार शोकाकुल है। शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने तेजस उपाध्याय के निधन को परिवार और विश्वविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि तेजस की असमय मृत्यु से सभी आहत हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रो चेयरपर्सन डॉ. बीके गौतम, प्रेसीडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत और उप रजिस्ट्रार डूंगरसिंह आदि मौजूद थे।

# रीको एमडी ने ली इंडस्ट्रीयल एरिया जेपीएमआइए की बैठक

### प्रमुख विभागों से योजना के कार्य संबंधी फीडबैक लिया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड रीको जयपुर के एमडी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को पाली जिले के रोहट पंचायत समिति में जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रीयल एरिया जेपीएमआइए की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंह ने इस क्षेत्र के विकास के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार के निर्देशानुसार आधारभूत संरचनाओं के विकास समस्याओं का निदान व संभावनाएं और सुझाव व चर्चा व समीक्षा के लिए बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक सिंह ने प्रमुख विभागों से योजना के कार्य के लिए फीडबैक लिया और उनके प्रस्तावों और सुझावों को जाना। उन्होंने पीएचइडी आरवीपीएनएल जोधपुर भूमि अवाप्ति अधिकारी, वन विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, पाली तहसीलदार, रोहट विकास अधिकारी, चिकित्सा विभाग, पर्यटन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग पाली, अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग (एनएच पाली), मंडल अभियंता रेलवे जोधपुर खनि अभियंता, पोलिटेक्निक कॉलेज, जिला मैनेजर आरएसएलडीसी पाली, अधीक्षण अभियंता जीपीएमआइए आरडीए आदि विभागों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



#### एक हजार करोड से होगा आधारभूत संरचना का विकास

*इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सिंह ने बताया कि तीन हजार हैक्टेयर में विभिन्न फैज में बनने वाले प्रोजेक्ट में लगभग एक हजार करोड से आधारभूत संरचना का विकास किया जाएगा। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार इसके विकास में सभी के हितों का ध्यान रखेगी। साथ ही क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, भूमि आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य के लिए एक ऐसी टीम को बनाने के लिए भी निर्देश दिए जो इन क्षेत्रों की जानकारी रखता हो।*

#### परियोजना में शामिल है 3286.63 हैक्टेयर भूमि

*रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण गुप्ता ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ये जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआइए) को दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के तहत मारवाड़ औद्योगिक क्लस्टर के रूप में भी जाना जाता हैं, जो प्रशसनिक रूप से राजस्थान राज्य के पाली जिले की रोहट तहसील में स्थित हैं। परियोजना क्षेत्र में 3286.63 हेक्टयर शामिल हैं। जिसमें 1943 खसरा मानचित्र है जो निम्बली ब्राह्मणान, रोहट, दुधली, सिंगारी और डूंगरपुर में फैले है।*

#### औद्योगिक टाउनशिप 3029.62 हेक्टेयर

(बी) मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब 257.01 हेक्टयर परियोजना के लिए राजीव गांधी लिफ्ट नहर से लगभग 48 एमएलडी पानी उपलब्ध होगा, जिसमें 275 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी हैं, कार्य पूर्ण होने में लगभग 1-2 वर्ष का समय लगेगा। इसके साथ बिजली की उपलब्धता हेतु लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित काकांणी सब स्टेशन से बिजली दिए जाने का प्रावधान हैं। कार्य बिजली की उपलब्धता होने पर निकट भविष्य मे इस क्षेत्र में बहुत औद्योगिक इकाइयां स्थापित होगी।

#### यह भी रहे मौजूद

बैठक में उपवन संरक्षक बाला मुरूगन, अतिरिक्त जिला कलक्टर बजरंगसिंह, उपखंड अधिकारी रोहट पूरणकुमार, सीएमएचओ विकास मारवाल, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण गुप्ता, रीको के नवनीतसिंह, अजय गुप्ता, उद्योग केन्द्र के सैय्यद रज्जाक, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचइडी, आरवीपीएनएल, भूमि अवाप्ति अधिकारी तहसीलदार रोहट, पर्यटन विभाग पाली अधिशाषी अभियंता, (एनएच) पाली मंडल अभियंता रेलवे जोधपुर, खनि अभियंता सोजत, प्रिंसिपल पोलिटेक्निक कॉलेज पाली, जिला मैनेजर आरएसएलडीसी पाली, अधीक्षण अभियंता जीपीएमआइए आरडीए आदि मौजूद रहे।



## कुर्जा में लगा मेला, प्रसादी का आयोजन

**बाड़मेर ।** मालू भाईपा समाज संस्थान के तत्वावधान में कुलदेवी संच्चियाय माता मन्दिर महाबार पीथल कुर्जा दर्शनाथ निकला पैदल संघ शनिवार को मंदिर परिसर में पहुंचा। जहां सभी ने मां के दशर्न व पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। त्रयोदसी मेले के साथ प्रसादी का आयोजन हुआ। मालू भाईपा समाज संस्थान के महामंत्री दिलीप जैन व कोषाध्यक्ष पारसमल मालू कवास ने बताया कि बाड़मेर से कुर्जा पैदल संघ स्थानीय कल्याणपुरा माणक हॉस्पीटल से रवाना हुआ। पैदल संघ सुरेश आरंग, सुरेश मालू रामसर व कैलाश सिंघवी के नेतृत्व में रवाना हुआ। सैकडो युवक व युवतियो व बच्चो के साथ डीजे की धुन के साथ नाचते गाते रवाना हुए। मालू ने बताया कि मालू भाईपा समाज संस्थान की ओर से हर माह चांदनी तेरस को विशेष मेले व प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। पैदल यात्रा के साथ-साथ सैकड़ो लोग वाहन के माध्यम से भी कुर्जा पहुंचे ओर माता के दर्शन-पूजा कर प्रसादी का लाभ लिया। इस मेले के दौरान बाबूलाल मालू कगाउ, चम्पालाल धारीवाल, प्रकाश छाजेड़, प्रवीण मालू आदि मौजूद थे।

## कुशल वाटिका में शनिवारीय मेले में उमड़े श्रद्धालु

### साध्वी शासनप्रभाश्री की निश्रा में हुआ कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** कुशल वाटिका के राजहंस मन्दिर में शनिवार को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष द्वारकादास डोसी व कोषाध्यक्ष बाबूलाल टी बोथरा ने बताया कि साध्वी शासनप्रभा की निश्रा शनिवार को मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बाड़मेर सहित आस-पास के ग्रामीणों ने भाग लिया। कुशल वाटिका में मुनिसुव्रत स्वामी भगवान मंदिर, दादावाड़ी, नवग्रह मंदिर, गुरू मन्दिर, देवी-देवताओं आदि मन्दिरों में पूजा अर्चना की। बोथरा ने बताया कि शनिवार को कड़ाके की सर्दी एवं भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया जो पूरे दिन रहा। साध्वी की निश्रा में गिरनार भक्त मण्डल द्वारा शंखनाद व ढोल की थाप लय व सुर के साथ भक्तिमय वातावरण से मूलनायक भगवान का पक्षाल किया गया। कुशल वाटिका उपाध्यक्ष रतनलाल संखलेचा ने बताया कि कुशल वाटिका में मुनिसुव्रत स्वामी के पक्षाल का लाभ मुमुक्षु जितेन्द्रकुमार मदनलाल गोलेच्छा, केशर पूजा का लाभ कलापूर्ण परिवार दीक्षार्थी बहन व आरती व मंगल दीपक का लाभ ललितकुमार नेमीचन्द डूंगरवाल परिवार ने लिया।

इस दौरान निर्माण मंत्री शंकरलाल धारीवाल, ट्रस्टी सज्जनराज मेहता, छगन बोथरा, कैलाश धारीवाल, बाबूलाल बोथरा, भूरचन्द मिर्ची, प्रकाश लूणिया, कपिल धारीवाल, अशोक सेठिया, रामलाल श्रीश्रीमाल, अनिल सेठिया, विपुल बोथरा, जयेश जैन, निखिल छाजेड़, हिमांशु धारीवाल, रूपेश संखलेचा, जयप्रकाश वडेरा, आशीष बोहरा, भरत संखलेचा, हर्ष संखलेचा, सुनिल सिंघवी, दीपक बोथरा, महावीर संखलेचा, नवीन डूंगरवाल, बाबूलाल सिंघवी, प्रकाशचन्द बोथरा, मदनलाल सिंघवी, राकेश छाजेड़, प्रकाश विश्नोई, हितेश डूंगरवाल, केयुप, केएमपी, विहार ग्रुप, गिरनार भक्त मण्डल, कुशल वाटिका मित्र मण्डल सहित कई भक्तगण उपस्थित थे।



राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

13 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र का वितरण

एवं

लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

द्वारा

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

## राज्य स्तरीय समारोह

**12 जनवरी, 2025 | बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर | प्रात: 11:00 बजे**

### शिलान्यास

- पीएम कुसुम योजना के 1174 कार्य (10569 करोड़ रुपये)
- 220 के.वी. जीएसएस के 12 कार्य (1233 करोड़ रुपये)
- 10,000 ग्राम पंचायतों में पंचायत पौधशाला (500 करोड़ रुपये)
- 450 मेगावाट पूगल सोलर पार्क फेज-III (196 करोड़ रुपये)
- 49 अटल प्रगति पथ के कार्य (189 करोड़ रुपये)
- हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर एवं बीकानेर के आई.एन.जी.पी के कमाण्ड क्षेत्र में ग्रीड सोलर फोटोवॉल्टिक वॉटर पंपिंग सिस्टम (180 करोड़ रुपये)
- जल जीवन मिशन आपणी योजना फेज-1 एवं सरदार शहर के 60 गांवों में कार्य पैकेज-तृतीय (तारानगर-पांडूसर फीडर) (133 करोड़ रुपये)
- चौमूं विधानसभा में गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल के तहत बधाल ईटावा से एनएच-52 गोविन्दगढ़ सड़क निर्माण कार्य (95 करोड़ रुपये)
- 101 नग कैपेसिटर बैंक स्थापना कार्य (59 करोड़ रुपये)
- 33/11 के.वी. सब-स्टेशन के 19 कार्य (48 करोड़ रुपये)
- 7118 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य

### लोकार्पण

- मनरेगा के तहत 46,751 जल स्त्रोतों की संरचनाओं के कार्य (5028 करोड़ रुपये)
- मनरेगा के तहत 13,424 पर्यावरण संरक्षण, चारागाह विकास तथा वृक्षारोपण कार्य (840 करोड़ रुपये)
- भीलवाड़ा, सीकर एवं सवाईमाधोपुर में सीवरेज परियोजना एवं परिसम्पतियों का निर्माण कार्य (577 करोड़ रुपये)
- पचपदरा में 400 के.वी. जीएसएस (391 करोड़ रुपये)
- आर.एस.एच.आई.डी.पी. के तहत चूरू-तारानगर-नोहर, एस.एच-36 (301 करोड़ रुपये)
- आर.एस. एच.आई.डी.पी. के तहत सिवाना-समदड़ी-बालेसर, एसएच-66 (245 करोड़ रुपये)
- आर.एस. एच. आई डी.पी. के तहत बीकानेर-नापासर-जसरासर एसएच-20बी (175 करोड़ रुपये)
- बांसवाड़ा में सीवरेज नेटवर्क, शोधन संयंत्र एवं पंपिंग का निर्माण कार्य (166 करोड़ रुपये)
- शाहपुरा (भीलवाड़ा) ब्लॉक में चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना-II के पैकेज पंचम हेतु रेट्रोफिटिंग कार्य (105 करोड़ रुपये)
- बीसलपुर-चाकसू पेयजल परियोजना का कार्य (74 करोड़ रुपये)
- 2685 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य

राजस्थान संवाद

**निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार